ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 22 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-36 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00





राजस्थान चिरंजीवी योजना भारत की सबसे... पेज 10 पर


## गागर में सागर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 22 नवंबर को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 22 नवंबर को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड को राजस्थान में स्वर्ण पदक

**रांची।** भरतपुर (राजस्थान) में 16 से 22 नवंबर तक आयोजित 43वें जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में मंगलवार को झारखंड जूनियर बालक इंडियन राउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीते। इस टीम में समीर बेहरा, अरविंद टुडू, सुनील कुमार, चितरंजन शामिल थे. बालिका इंडियन राउंड टीम ने कांस्य पदक हासिल किए। इस टीम में वर्षा खलखो, काजल कुमारी, मधु कुमारी, अप्रैल टुडू भी शामिल थीं। झारखंड टीम की इस जीत के लिए विजेताओं को एवं टीम के साथ प्रशिक्षक मोहन साहू, श्वेता पांडे, शिवकुमार महतो, सुमित मिश्रा, डी साईश्वरी को झारखंड तीरंदाजी संघ के सभी पदाधिकारीगण एवं खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में अब तक कूल 5 पदक (2 स्वर्ण, 01 रजत, 02 कांस्य पदक) झारखंड टीम ने जीते हैं।

### रामगढ़ की चुटुपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत, कई घायल

**रांची।** रांची-पटना रोड पर रामगढ़ की चुटुपालू घाटी में मंगलवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ने एक साथ तीन गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी है, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हैं। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटलों में दाखिल कराया गया है।हादसे के बाद एनएच-33 बुरी तरह जाम हो गया। बताया गया कि एक ट्रैक्टर को पुलिस की पीसीआर वैन ने अचानक रोका तो पीछे से आ रहे ट्रेलर ने ट्रैक्टर सहित दो कारों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर एक तरफ पलट गया, जबकि दोनों कार और ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में दो की पहचान हुई है। इनमें दिनेश बेदिया (24) और शंकर बेदिया (27) शामिल हैं। ये दोनों उत्तरकाशी के टनल हादसे में फंसे मजदूरों राजेंद्र बेदिया और सुकराम बेदिया के चचेरे भाई थे। एक अन्य मृतक और घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### वन विभाग की लापरवाही : करंट की चपेट में आकर पांच हाथियों की मौत

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी वन क्षेत्र के ऊपरबांधा जंगल के पास करंट लगने से पांच हाथियों की मौत हो गई। इनमें तीन शिशु हाथी, एक नर और एक मादा हाथी हैं। इनकी मौत 33,000 वोल्ट के करेंट की चपेट में आने से हुई है। घटना सोमवार रात की है। हाथियों की मौत की जानकारी तब हुई, जब कुछ ग्रामीण सूखी लकडियां और पत्ते लाने के लिए जंगल में गये। उन्होंने जंगल में मरे हुए हाथियों को देखा और उनकी तस्वीरें खींच कर लाए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि इन हाथियों की मौत वन विभाग एवं बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हुई है। दरअसल, ऊपरबांधा जंगल में मात्र 11 फीट की ऊंचाई से 33,000 वोल्ट का तार गुजरा है। वन विभाग ने कुछ दिन पहले ही जंगल में ट्रेंच की खुदाई की है और मिट्टी का टीला बगल में ही पड़ा रहने दिया। हाथी यहां से गुजर रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि रास्ता पार करने के एक हाथी मिट्टी के टीले पर चढ़ा तो ऊपर से गुजर रहे 33,000 वोल्ट के तार की चपेट में आ गया। साथ-साथ चल रहे बाकी हाथी भी उसके संपर्क में आने से जान गंवा बैठे। इसी महीने पूर्वी सिंहभूम में करंट लगने से दो अन्य हाथियों की मौत हो गई थी। वन विभाग का कहना है कि बार-बार की शिकायत के बावजूद बिजली विभाग हाथियों के विचरण वाले इलाकों में बिजली के खंभों की ऊंचाई नहीं बढ़ा रहा है।

### गढ़वा में पिता ने बेटी की गोली मारकर हत्या की

**रांची।** गढ़वा में एक पंद्रह वषीर्या किशोरी की हत्या की पिता ने की जो दूसरे समुदाय के एक लड़के के साथ उसके प्रेम प्रसंग से नाराज थे। उन्होंने बेटी को गोली मार दी और शव को घर में लाकर रख दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। जिस बंदूक से किशोरी को गोली मारी गई, उसे भी बरामद कर लिया गया है। वारदात रंका थाना क्षेत्र के नगारी गांव की है। बताया गया कि सोमवार की रात करीब आठ बजे किशोरी अपने प्रेमी से मिलने निकली थी। इस बीच उसके पिता संजय सिंह को यह बात पता चली तो वह बंदूक लेकर बेटी की तलाश में निकले। घर से थोड़ी से दूर पर किशोरी अपने ब्वॉय फ्रेंड के साथ बात कर रही थी। शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू की धरा पर देवकीनंदन की अविस्मरणीय अगुवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पहली बार पलामू की धरा पर आये अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर की आयोजन समिति द्वारा अविस्मरणीय अगुवाई की गई। श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में चियांकी एयरपोर्ट पर राधे-राधे के घोष के साथ देवकीनंदन का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। अपने आराध्य के मोहक रूप पर भक्त जहां भाव विभोर नजर आये। वहीं पलामू वासियों के स्वागत के अद्भुत स्वरूप ने महाराज जी को भी अभिभूत कर दिया। वहां से कोयल नदी के तट तक जगह-जगह एकत्रित नागरिकों ने देवकीनंदन के स्वागत में पलक बिछाये रखे। उन्होंने भी कहीं हाथ जोड़कर तो कहीं हाथ हिलाकर लोगों को स्नेहाशीष दिया।

शेष खबर तीन पर पढ़ें।

## पलामू : यात्री बस व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

### पलामू किला मेला देखने जा रहे थे मृतक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के सतबरवा कंचन ढाबा के पास बस व मोटरसाइकिल की टक्कर में मंगलवार को दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि आपस में चचेरे भाई मनीष कुमार उम्र 23 वर्ष पिता राजेश भुईयां व परदेशी भुईयां उम्र 17 वर्ष पिता रमेश भुईयां निवासी चेतमा सगही अपने जीजा की मोटरसाइकिल से पलामू किला मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान लातेहार की तरफ जा रही यात्री बस दीप ज्योति की चपेट में आने से एक युवक की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक की मौत नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में उपचार के दौरान हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक को बचाने के फेर में चालक ने बस को सड़क से नीचे उतार दिया। इसके बाद भी मोटरसाइकिल सवार बस की चपेट में आ ही गये। सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी भागे-भागे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल भेज दिया है। चतरा सांसद के स्वास्थ्य एवं खेलकूद जिला प्रतिनिधि धीरज प्रसाद, मुखिया पुष्पा देवी,पंसस वीणा देवी,पूर्व मुखिया शंभू उरांव ने शोक व्यक्त किया है।

### मुख्यमंत्री से विश्व बाल दिवस पर यूनिसेफ के बाल पत्रकारों ने किया संवाद

# परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों पढ़ाई से नाता तोड़ें नहीं : हेमंत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को विश्व बाल दिवस पर यूनिसेफ, झारखंड के बाल पत्रकारों ने मुलाकात कर संवाद किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने अपने शैक्षणिक अनुभवों और गतिविधियों को साझा किया तथा कई सवाल भी किए। मुख्यमंत्री ने बच्चों को विश्व बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आपसे मिलकर काफी अच्छा लगता है और मुझे भी काफी कुछ जानने-समझने-सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने बच्चे-बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, पढ़ाई से नाता नहीं तोड़ें। पढ़ाई से ही बेहतर भविष्य का रास्ता तय होता है।

**किशोरी समृद्धि योजना में अब एक परिवार की दो बच्चियां भी ले सकेंगी लाभ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चियों के सशक्तिकरण और उनको पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को मिले, इसलिए इसमें एक ही परिवार से अधिकतम दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता खत्म की जाएगी। इस योजना से एक ही परिवार में सभी बच्चियों को जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने बच्चे -बच्चियों से कहा कि हर किसी के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। आप यदि पढ़े-लिखे होंगे तो उचित-अनुचित का अंतर समझ सकेंगे। आप पर कोई बेवजह का दबाव नहीं बनाएगा। आपकी सोच का दायरा बढ़ेगा और उचित निर्णय ले सकेंगी।

**अभिभावक के साथ अपनी जरूरतों, समस्याओं और परेशानियों को जरूर साझा करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है , उसमें बच्चे तनाव में आ जा रहे हैं। इस तनाव के कारण कई बच्चे डिप्रेशन में भी चले जाते हैं। यह हमारे समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता, अभिभावक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हर मुद्दे पर खुलकर बात करें। संवाद में विषयों को लेकर झिझक नहीं होनी चाहिए। अच्छे सहयोगी बनाएं और स्वस्थ वातावरण में रहें। इससे निश्चित तौर पर बच्चे मानसिक रूप से मजबूत होंगे तथा किसी भी परिस्थिति और किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और अन्य क्रिएटिविटी भी काफी जरूरी है। इससे बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है और उसको निखारने के मौके मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि खेल के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य बना रहे हैं। आप भी खेल से जुड़े और इसमें सरकार की ओर से आपको सभी सहयोग दिया शेष पृष्ठ 11 पर

## आदिवासी भाई-बहनों के विकास का काम कर रही केंद्र सरकार : मुर्मू



**आरएनएम**

**ओड़िशा।** केंद्र सरकार आदिवासी, खासकर महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। इसका जीवंत उदाहरण मैं खुद हूं, जो ओडिशा के छोटे से गांव से निकल कर आज दिल्ली के सबसे ऊंचे पद पर बैठी हूं। मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ये बातें कहीं। अपने गृह क्षेत्र में मंगलवार को तीन नई ट्रेनों (बदामपहाड़-टाटानगर मेमू, बदामपहाड़-शालीमार साप्ताहिक व बदामपहाड़ राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस) को रवाना करने के बाद जनता को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं ओडिशा की माटी में ही पली-बढ़ी हूं। आज भले ही ऊंचे पद पर हूं, लेकिन मैं इस माटी को कभी नहीं भूल सकती।राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल सहित हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। यह तभी संभव है, जब सबका साथ व सबका विश्वास हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि मयूरभंज अंचल के सर्वांगीण विकास को लेकर मैंने जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। नई ट्रेनों के परिचालन होने से न सिर्फ मयूरभंज अंचल झारखंड और पश्चिम बंगाल से सीधे जुड़ेगा, बल्कि व्यापार के नए रास्ते भी खुलेंगे। इसके साथ ही यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

'आदिवासी भाई-बहनों के विकास का काम कर रही केंद्र सरकार'

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी भाई-बहनों के विकास के लिए काफी काम कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में शेष पृष्ठ 11 पर

### किसने की धार्मिक स्थल पर तोड़फोड

## पांच दिन बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर

### ह्यूमन इंटेलिजेंस के भरोसे पुलिस

**रांची।** रांची के मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव में एक ही रात में पांच धार्मिक स्थलों में हुई तोड़फोड़ मामले के गुनहगार चार दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कानून के शिकंजे से बाहर है। मांडर और उसके आस पास के दर्जनों गांव अंदर ही अंदर सुलग भी रहे हैं। कोई पुलिस का दावा है कि जल्द से जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। सूत्रों के अनुसार तकनीकी सेल इसपर तेजी से काम कर रही है।

**एसआईटी के हाथ अब तक खाली :** रांची के मांडर थाना क्षेत्र में हुए धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ के पीछे किन आपराधिक तत्वों का हाथ है इसका पता लगाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन लाख प्रयास के बावजूद पुलिस को अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। जिन धार्मिक स्थलों के प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया गया था उसके आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नही लगा हुआ है। गांव में एक जगह सीसीटीवी कैमरा लगा भी हुआ है लेकिन उसका फुटेज पुलिस के किसी काम नहीं आया। इस केस में पुलिस पूरी तरह से ह्यूमन इंटेलिजेंस पर ही आश्रित है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरसा ने बताया कि 16 नवंबर की रात धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ की गई थी जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे और उन्होंने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया था। तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए सीसीआर डीएसपी के नेतृत्व में एक सीट का गठन किया गया है जिसमें पांच थाना प्रभारी भी शामिल है। उम्मीद है कि जल्दी इस कांड में शामिल आरोपी धर दबोचे जाएंगे।

शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रबंधन ने चाक-चौबंद किया सुरक्षा प्रबंध

## पीटीआर की ड्रोन से की जा रही चौकसी

### पलामू किला मेले के मद्देनजर एहतियातन उठाया कदम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दो दिवसीय पलामू किला मेले के मद्देनजर पलामू टाइगर रिजर्व की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। प्रबंधन के अनुसार जंगलों के साथ ही वन प्राणियों की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। एक अनुमान के अनुसार पलामू किला मेला में 50 से 60 हजार लोगों के आने की उम्मीद रहती है। मेला स्थल बेतला नेशनल पार्क से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर है। इस वजह से पीटीआर प्रबंधन ने वन प्राणियों की सुरक्षा घेरा को और मजबूत कर दिया है। उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि पीटीआर प्रबंधन ने लातेहार डीसी व एसपी को पत्र प्रेषित कर पलामू किला मेला के लिए चुस्त-दुरुस्त विधि-व्यवस्था की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया था। उस पत्र के आलोक में संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसमें पलामू किला मेला के लिए 9 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त डेढ़ सौ पुलिस के जवानों की भी तैनाती की गई है। पलामू किला मेला के निकटतम बरवाडीह थाना के प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के संयुक्त आदेश के आलोक में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। जाम की स्थिति से बचने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उपनिदेशक जैना ने बताया कि निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समीपवर्ती पोखरी कला, रबदी, केड़, गाड़ी, बेतला आदि गांवों की इको विकास समिति के स्वयं सेवकों को भी मुस्तैद रखा गया है।

**जुआरियों पर नकेल**

बताया जाता है छठ के दूसरे दिन से आयोजित मेले में जुआ खेलने वाले भी बहुतायत में पहुंचते हैं। बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि पुलिस जुआ के ऐसे अड्डों की पहचान कर चुकी है। इनके खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है।

# संभावनाएं अनंत पर झारखंड में पर्यटन उद्योग क्यों नहीं बन पा रहा?



सुनील बादल

झारखंड के बारे में सदियों से एक कहावत प्रचलित है कि यह प्राकृतिक सौन्दर्य और खनिज संपदा से संपन्न सबसे धनी पर सबसे गरीब राज्य है जहां के लोग रोजी रोटी के लिए असम,भूटान से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जाते रहे हैं और आज भी जाते हैं। दूसरी ओर जो पहली बार झारखंड आता है वह यहां के जंगल, पहाड़ों, निश्छल निवासियों और सुहावने मौसम में ऐसा खो जाता है कि उसकी दिली इच्छा होती है कि वह एक जमीन का टुकड़ा खरीदकर यहीं बस जाए । देश विदेश के पर्यटक यहां आते हैं पर जो नहीं आते उनके मन में झारखंड की छवि एक असुरक्षित राज्य की ही रही है। सरकार के प्रयास और सोशल मीडिया,फिल्मों से लेकर पत्र-पत्रिकाओं और टीवी से बदल रही छवि और अछूते,अनूठे आकर्षण से पर्यटन स्थलों में भीड़ तो बढ़ी पर चमक नहीं बढ़ी और अपार संभावनाओं के बाद भी पर्यटन उद्योग का रूप नहीं ले पाया। हिमाचल, कश्मीर, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु जैसे राज्यों ने अतिथि देवो भवः को मूल मंत्र मानकर हर संभव प्रयास किया जिससे उनकी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान है। हिमाचल और कश्मीर की तो अर्थव्यवस्था ही पर्यटन पर टिकी है क्योंकि वहां उद्योग धंधे नहीं के शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड की नयी पर्यटन नीति

4 जुलाई, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नयी दिल्ली में झारखंड की नयी टूरिज्म पॉलिसी लागू की थी ।नयी टूरिज्म पॉलिसी के तहत निवेशकों को स्पेशल पैकेज उपलब्ध कराए जाने की बात की गई थी जिसके तहत राज्य सरकार निवेशकों को प्रथम को प्राथमिकता के आधार पर स्पेशल पैकेज की व्यवस्था थी । साथ ही निवेशकों को कई तरह के प्रोत्साहन भी दिये जा रहे हैं -

पूंजी निवेश पर 10 करोड़ की सीमा तक 20-25% सब्सिडी दी जा रही है। 5 वर्षों तक नेट एसजीएसटी का 75% की छूट, 5 वर्षों तक स्टांप शुल्क और एलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी नहीं लगेगी।

महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दिव्यांगों के लिये नीति में विशेष व्यवस्था की गई है।

निवेश और प्रोत्साहन के लिये एकछत तले सारी सुविधाएं स्थल बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नयी टूरिज्म पॉलिसी के तहत धार्मिक पर्यटन स्थलों देवघर, पारसनाथ, मधुबन और इटखोरी जैसे धार्मिक स्थलों में नागरिक सुविधाएँ प्रदान किये जाने के अलावा उनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु पर्यटन गतिविधियों को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए लातेहार-नेतरहाट-बेतला, चांडिल-दलमा-मिचैर्या-गेटेलसुद इको-सर्किट के विकास का कार्य प्रगति पर है। इन जगहों पर पर्यटकों के रहने के लिये रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्य की वैभवशाली संस्कृति का अनुभव राज्य की जीवंत और विविध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिये फूड फेस्टिवल, इंटर स्टेट कल्चरल प्रोग्राम आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है।ग्रामीण पर्यटन की क्षमता को बढ़ाने के लिये चिह्नित गाँवों का सौंदर्यीकरण, स्थानीय व्यंजनों तथा ग्रामीण जन जीवन को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस संबंध में ग्राम पर्यटन समितियों (वीटीसी) और ग्रामीण पर्यटन उपसमिति का गठन किया जाएगा। राज्य की शेष पृष्ठ 11 पर

## साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से आज ईडी करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन व परिवहन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में गवाहों को प्रभावित करने और दबाव देने के मामले में रांची पुलिस की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। ईडी ने अबतक की जांच में जो साक्ष्य पाए हैं, उसमें साहिबगंज एसपी नौशाद आलम, रांची पुलिस के कुछ जूनियर पुलिस अफसरों के साथ साथ साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव की भूमिका सामने आयी है। ईडी ने जांच में मुख्य गवाह विजय हांसदा को आर्थिक लाभ पहुंचाने, रांची में हाईकोर्ट में दायर पीटिशन को रद कराने के लिए आवेदन दिलवाने, रांची से दिल्ली के फ्लाइट टिकट बुक कराने से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, विजय हांसदा को गवाही से मुकरवाने के लिए डीसी रामनिवास यादव अपनी गाड़ी से रांची लेकर आए थे।

**नौशाद आलम से आज होगी पूछताछ :** रांची के पूर्व ग्रामीण एसपी व साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से ईडी के रांची जोनल आफिस में आज पूछताछ होनी है। ईडी ने अवैध खनन से जुड़े ईसीआईआर में ही नौशाद आलम को नोटिस कर पूछताछ के लिए तलब किया है। उन्हें दिन के 11 बजे तक रांची जोनल आफिस में उपस्थिति का समन दिया गया है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, नौशाद आलम के कहने पर रांची पुलिस के सार्जेंट रैंक के अफसर ने विजय हांसदा के फ्लाइट का टिकट कराया था। शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### बंजारी मुहल्ला के 5 घरों से लाखों की चोरी



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत बंजारी मोहल्ला के पांच घरों से मंगलवार की भोर में 3 बजे के करीब अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी सहित लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। इस दौरान बंजारी मोहल्ला निवासी शकीला खातून पति जमील अंसारी के घर से 15 हजार रूपए नगद, कान की बाली, गले का चेन, नथिया सहित कपड़ा-बर्तन की चोरी हुयी है। वहीं अंजू देवी पति स्व. जितेंद्र गोस्वामी के घर से फूल का बर्तन, कपड़ा सहित अन्य सामान चुरा लिया। इसी क्रम में मो. जाऊल हक के सूने घर में घुसकर चोरों ने आधा दर्जन कमरों को खंगाला। जबकि रागिनी कुमारी पति राजू कुमार व ज्योति देवी पति अनिल प्रसाद के घर में चोरों ने ताला तोड़ा ही था की अन्य रूम में सोए लोग जग गए व शोर मचाने लगे। इससे घबराकर चोर मंसूबे को अंजाम दिये बिना ही भाग खड़ा हुए। पौ-फटते ही एक साथ पांच घरों में चोरी की सूचना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मोहल्ले वासियों ने इसकी सूचना हरिहरगंज थाने को दी। एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने लोगों से जानकारी लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि चोरों की धर-पकड़ के लिए छानबीन शुरू कर दी गयी है। जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### एनसीपी के पूर्व जिला अध्यक्ष के निधन पर शोक सभा आयोजित



**हुसैनाबाद।** एनसीपी के पूर्व जिला अध्यक्ष 70 वर्षीय प्रभाष दास गुप्ता उर्फ साधन दादा के आकस्मिक निधन पर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकताओं ने कहा कि साधन दादा का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि प्रभाष दास गुप्ता पार्टी के मेरुदंड थे। वह दिन रात मेदिनीनगर में रहकर हुसैनाबाद क्षेत्र के मरीजों की सेवा में रहते थे। उन्होंने ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि साधन दादा की कमी उन्हें हमेशा खलेगी। शोक व्यक्त करने वालों में बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह, उपाध्यक्ष जिशान हसन,चंदन सिंह, पप्पू सिंह, विनय पासवान,बैरिस्टर सिंह, रविंद्र कांस्यकार शामिल रहे।

ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पार्षद ने किया निरीक्षण

# फोरलेन निर्माण में बरती जा रही अनियमितता: विजय रविदास

### भरावट में लाल मोरम मिट्टी के बजाए काली केवाली मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है : रविदास

नवीन मेल संवाददाता



**नावा बजार।** प्रखंड जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि भागोडीह से शंखा तक फोर लेन सड़क निर्माण में व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है। श्री रविदास ग्रामीणों की शिकायत के बाद आज कधवन गांव के पास बन रही फोरलेन सड़क का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरावट में लाल मोरम मिट्टी के बजाए काली केवाली मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे सड़क के धसने का खतरा बना रहेगा। भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नही कराया जा रहा है। जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है। जिसके कारण सड़क पर लोगों का चलना भी दुभर हो गया है। अनियमितता की शिकायत करने या उसका विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। श्री रविदास ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग करेंगे। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# झांसा देकर तीन साल तक किया शारीरिक शोषण, शादी से किया इंकार

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** स्वयं को कुंवारा बताकर रेलवे में नौकरी करने के नाम पर क्षेत्र निवासी एक युवती का तीन साल तक शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर युवती ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डालटंगज में ऊंटारी थाना क्षेत्र के सिढ़हा गांव निवासी अमनदीप कुमार, पत्नी संगीता देवी, आर्यन कुमार, मोहित कुमार, सुदामा राम के खिलाफ परिवाद दायर की है। युवती ने आरोप लगाया है कि करीब तीन साल पूर्व कॉलेज जाने के क्रम में अमनदीप कुमार से मुलाकात हुई। इस दौरान उससे मेरी अच्छी जान-पहचान हो गई। उसने बताया कि वह रेलवे में नौकरी करता है व अब तक कुंवारा है। तुमसे शादी करना चाहता हूं। इस प्रकार अपने झूठे प्रेम जाल में फंसाकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। जब मैं शादी का दबाव बनाने लगी तो वह 15जुलाई 2021 को डालटनगंज कचहरी में जाली दस्तावेज तैयार कराते हुए नोटरी के यहां हस्ताक्षर कराकर बोला कि अब हम कानूनन पति- पत्नी बन गए हैं। जब हम ससुराल जाने की बात की तो वह मुझे जपला स्टेशन रोड के समीप एक किराया का घर लेकर कहा तुम अब यहीं रहोगी। मैं तुम्हें सारा खर्च दूंगा। संदेहवश जब वह 15 मार्च 2023 को अमनदीप के घर सिढ़हा गई तो वह उसे देखते ही गाली-गलौज करते हुए अपनी पत्नी व अन्य आरोपियों के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। वहीं सुदामा राम लोगों को ललकार रहा था कि इसे जान मारकर फेंक दो। वह किसी तरह अपना जान बचा कर वहां से भाग निकली। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि आवेदिका के परिवाद पत्र के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# आपसी विवाद में मारपीट चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के पतरा खुर्द गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट मामले में पीड़िता अनिता मनोहर ने मारपीट कर घायल करने व दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि पड़ोसियों से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। पीड़िता के अनुसार पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में तू-तू, मैं-मैं के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़िता ने बताया गया कि विष्णु प्रजापति, चंदन प्रजापति, उत्तम प्रजापति, धनंजय प्रजापति आदि ने लाठी- डंडे एवं कुल्हाड़ी से उनके पति मुरली श्याम प्रजापति पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है। जब वे पति को बचाने गई तो आरोपियों ने उनके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया। उनके वस्त्र को फाड़ते हुए लाठी-डंडे से उन पर हमला बोल दिया। जिससे मेरे दाहिने हाथ में दो जगह हड्डियां टूट गईं व गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह प्रभारी जगरन्नाथ धान ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आलोक में केस पंजीकृत कर अनुसंधान की जा रही है।

### बाइकों की टक्कर में महिला सहित तीन घायल

**विश्रामपुर।** ऊंटारी रोड मुख्य पथ पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों में पूर्वडीहा गिरवर दूबे का जहां पैर टूट गया है। वहीं कौआखोह निवासी प्रदीप रजवार को अंदरूनी चोट आई है। जबकि प्रदीप की पत्नी सबिता देवी भी हादसे में घायल हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने घायालों को सड़क के किनारे किया। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को विश्रामपुर सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सको ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये।

### ट्रेनों में बढ़ने लगी भीड़

**मेदिनीनगर।** छठ पूजा के बाद विशेषकर बिहार की तरफ से आने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। छठ पूजा पर अपने पैतृक निवास स्थान जाने वाले लोग पलामू एक्सप्रेस, बीडीएम मेमो, जीडीआर पैसेंजर सहित संभलपुर एक्सप्रेस से वापस कार्य स्थल पर लौटने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अभी एक सप्ताह तक ट्रेनों में भीड़ का सिलसिला जारी रहेगा। ट्रेनों के अलावा जिले के स्टेशनो से छत्तीसगढ़ जाने वाली बसों में भी भारी भीड़ उमड़ रही है। सीट नहीं मिलने से छोटे-छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रामगढ़ थाना कांड सं0–28/2021 के प्रा0 अभियुक्त संजय लोहरा पिता पालो लोहरा ग्राम बघवार थाना भण्डरिया जिला गढ़वा, झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरः– 9431706239

थाना प्रभारी, रामगढ़ः– 9162255498

पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR311686 (Police)23-24*D


चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा जांचोपरांत होगी कार्रवाई

# लोजपा जिला अध्यक्ष ने एएनएम पर रिश्वत लेने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** लोजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा को आवेदन देकर एएनएम शोभा कुमारी पर डीटी इंजेक्शन कार्ड बनवाने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। चिकित्सा पदाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि शोभा रानी नाम की एएनएम डीटी इंजेक्शन कार्ड बनाने के नाम पर ग्राम पुरंदर बिगहा,वार्ड नं.-01, बूथ नं.-506 में अवैध रूप से पैसों की उगाही कर रही है। जबकि शासकीय प्रावधानों के तहत यह इंजेक्शन व कार्ड निःशुल्क बनाना है। फिर भी टोले के लोगों से पैसा लिया गया। उन्होंने आरोपी एएनएम के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि उन्होंने पलामू उपायुक्त, सिविल सर्जन व हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी को भी प्रेषित किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि उक्त मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

# एसडीएम ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक, दिया दिशा-निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन के लिए सदर एसडीएम अनुराग तिवारी ने बीडीओ, सीओ, मनरेगा बीपीओ, जीपीएस, एमो व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम ने अनुपस्थित सुपरवाइजर व संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण भी मांगा। पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक पाटन प्रखंड के विभिन्न पंचायत में सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

### पूजन के बाद छठ घाटों पर पसरी गंदगी

**मेदिनीनगर।** छठ पूजा के बाद घाटों पर गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। आसपास के लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही घाटों से गंदगी का निस्तारण नहीं किया गया तो सडांध से उनका रहना दूभर हो जाएगा। शहर स्थित कोयल रिवर फ्रंट, अमानत नदी घाट सहित ग्रामीण अंचल स्थित घाटों पर भी पूजन के दो दिन बाद भी साफ-सफाई नहीं कराई गई है। घाट पर फैले कूड़े दिन में हवा चलने पर उड़ कर समीप स्थित घरों में प्रवेश कर जा रहें है। फलों के अवशिष्टों के कारण शूकर आदि जानवरों का भी आंतक बढ़ गया है। लोगों ने संबंधित निकायों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### ठंड का प्रकोप बढ़ा, नहीं जले अलाव

**मेदिनीनगर।** छठ पूजा की सुबह से ही जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में अभी तक रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित जिले के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध नहीं किये जाने से राहगीरों व यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छठ पूजा की सुबह से ही जिले में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। रात में पारा काफी लुढ़क जा रहा है। जिले के डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला आदि स्टेशनों पर रात में ट्रेनों से भारी संख्या में यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए जाते हैं। इसके अलावा ट्रेनों से उतरने वालों की संख्या भी अधिक रहती है। इसके बाद भी जिले के किसी भी स्टेशनों पर किसी भी स्तर पर अलाव का प्रबंध नहीं किये जाने से यात्रियों को ठिठुरते हुए सहज ही देखा जा सकता है।


## पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा (झारखण्ड)

**लापता व्यक्ति का तलाश**



सर्व साधारण का सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नाम बुधराम उराँव, उम्र–56 वर्ष, पिता–स्व0 गन्दरू उराँव, सा0–हेन्दलासो महुरंग टोली थाना व जिला– लोहरदगा, झारखण्ड, उम्र– करीब 56 वर्ष, लंबाई– करीब 5 फीट 4 इंच, बाल– काला, जिसका अबतक पता नहीं चल पाया है। इस संदर्भ में AHTU थाना कांड संख्या– 02/ 2019. दिनांक– 26.10.2019, धारा– 365/ 370 / 374/34 भा0द0वि0 के तहत कांड दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ भी जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सुराग मिले तो अद्योहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

Email:-sp-lohardaga@jhpolice.gov.in

पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा (झारखण्ड)
फैक्स:224097
दुरभाषः 06526–222370
दुरभाष:9431706218
पुलिस उपाधीक्षक (मु0),
दुरभाषः 9431361305
थाना प्रभारी, AHTU थाना
दुरभाषः 6206880068

पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा

PR 311687 Lohardaga(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-29/2023-24 दिनांक –17.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कोली नदी नं0–2 पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– कामडारा, जिला–गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 94.669 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 04.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 11.12.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। |
| (क) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का Email ID एवं फोन नं0 | eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| (ख) | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 311677 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



## झारखण्ड सरकार ग्रामीण विकास विभाग
## कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0
## प्रथम तल्ला विकास भवन लोहरदगा

**ई– आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा संख्या:- **01/2023-24/NREP/LOHARDAGA** दिनांक :-**17.11.2023**

कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/ LOHARDAGA/ 01/2023-24 | PM-ABHIM योजनान्तर्गत किस्को प्रखण्ड में Block Public Health Unit (BPHU) भवन का निर्माण | 4998779.00 | उनचास लाख अन्ठानबे हजार सात सौ उनासी रूपये मात्र | 09 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**28.11.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**09.12.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**11.12.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– **कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8409767005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 311660 (Lohardaga)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 23/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समयः– 29.11.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.11.2023के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.11.2023के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Laying of Paver Block, Painting of Boundary Wall and Repair of Servant Quarter of Residential Police Barrack in Latehar | 24,91,100/ - | 50, 000/ - | 5000/ - | 02 (Two) Months |
| 2 | Renovation of Residential Police Barrack in Latehar | 24,84,900/ - | 50, 000/ - | 5000/ - | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR311672 (Building)23-24*D

## गागर में सागर

### भीड़ से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, जाम से हलकान रहे लोग



कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ से शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। शहर का आधा इलाका जहां श्रद्धांलुओं की भीड़ से पटा था तो आधे इलाके में वाहनों की लाइन से जाम लग गई थी। आलम यह था कि शाहपुर विवेकानंद चौक से सद्दीक मंजिल चौक एवं यहां से बेलवटिका होते रेडमा रांची रोड तक जाने वाला मार्ग घंटों जाम रहा। कोयल पुल पर वाहनों की लगी कतार के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कलश यात्रा के दौरान शिवाजी मैदान में भी भीड़ के कारण काफी अव्यवस्था का आलम रहा।

### जदयू की बैठक 26 नवंबर को

**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड पलामू प्रमंडल की बैठक 26 नवंबर को दिन के 11:00 बजे बेलवाटिकर डालमिया कैंपस स्थित कार्यालय में रखी गई है। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड जदयू के सह प्रभारी एवं बेलहर विधायक मनोज कुमार यादव,झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी व पलामू प्रमंडल के प्रभारी शैलेंद्र महतो उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी जिला कार्यसमिति के सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व सभी प्रखंड अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी जदयू पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने दी है।

### शास्त्रीय संगीत के 11 कलाकारों को मिला मेमोरियल अवार्ड

**मेदिनीनगर।** शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने हेतु जिले के 11 कलाकारों को ख्याल सम्राट पं. रामरक्षा मिश्र एवं पं. राजाराम मिश्रा मेमोरियल अवार्ड के साथ स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सुर संगम कला केंद्र के निदेशक आशुतोष पांडेय , मुम्बई से आये कुमार सत्यम, दिल्ली के डा. इंद्रेश मिश्रा, रेणुकूट से पं. उमानाथ मिश्र, , बनारस से अंकित मिश्रा व राजेश मिश्रा, देहरादून से पं. शुभ महाराज, पलामू के राजा सिन्हा ,सोनू कौशिक,नारायण व पंकज उल्लेखनीय हैं। स्थानीय देवरानी संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम आराधना का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया, विशिष्ट अतिथि प्रो. एससी मिश्रा, संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव, अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पाण्डे, समाजसेवी ट्विंकल गुप्ता, कांग्रेसी नेता रूद्र शुक्ला, पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, विजयानंद सरस्वती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी ने ख्याल सम्राट द्वय की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्रा व कार्यक्रम के संयोजक सूरज मिश्र द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। आकाशवाणी की उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव को बेहतरीन मंच संचालन के लिए शॉल, बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह ,सोना महल के प्रो. धनंजय सोनी, ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक प्रदीप नारायण , भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, साहेब सिंह नामधारी, सुरेंद्र सिंह, सीटू पाठक सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य मौजूद रहे।

### बढ़ती जा रही स्कूलों से ड्राप आउट बच्चों की संख्या

**मेदिनीनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर अनुसूचित जाति-जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भारतीय संविधान में बच्चों को कई अधिकार दिये गये हैं। इनमे जीवन का अधिकार एवं शिक्षा का अधिकार महत्वपूर्ण है। इन अधिकारों के संराक्षण के लिए कई अधिनियम एवं कानून बनाये गये हैं। इसमें अनिवार्य शिक्षा कानून, लैंगिक अपराधों से संरक्षण का अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, चिल्ड्रेन एक्ट एवं माइन्स एक्ट प्रमुख हैं। किंतु कानूनों के बढ़ते उल्लंघन के कारण स्कूलों से ड्राप आउट बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आज भी बच्चे होटलों व घरों में नौकर बने हुए हैं। छोटे-छोटे बच्चे कूड़ा-करकट चुन कर अपना पेट पालने को विवश हैं। सर्व शिक्षा अभियान भी अपेक्षित परिणाम देने में अक्षम साबित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखण्ड सरकार बच्चों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस अवसर पर अनिल राम, प्रेम कुमार, यशवंत कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, विजय राम, अरविन्द कुमार, घंनश्याम कुमार, उपेन्द्र कुमार, नीतिश कुमार, बबन राम, विकास कुमार, अंतू राम, अनूप कुमार उपस्थित थे। विजय राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाजे-गाजे के साथ निकली यात्रा में शामिल थे आम व खास श्रद्धालु

# कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा












**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञस्थल से शुरू हुई कलश यात्रा में शहर व आसपास के इलाकों समेत जिले के विभिन्न प्रखंडो के अलावे गढ़वा व लातेहार जिले से भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालू शामिल हुए। बाजे - गाजे के साथ निकली यह शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से रेडमा चौक, कचहरी चौक व छःमुहान होते हुए पहले शिवाजी मैदान में रुकी। इसके उपरांत कोयल नदी पहुंची। यहां वैदिक मन्त्रोंच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरे। इसके उपरांत कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल लौटी। जहां कलश को यज्ञशाला में स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्रीराम नाम का संकीर्तन करते चल रहे थे। भक्तों द्वारा लगाये जा रहे राधे -राधे व जय श्रीराम के जयघोष से शहर का वातावरण घंटों गूंजता रहा। वहीं हरिनाम संकीर्तन की गूंज से सम्पूर्ण इलाका भक्तिमय हो उठा। इस दौरान यात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा का नेतृत्व यज्ञ समिति के संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे व यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे ने किया।

**यज्ञशाला में स्थापित हुई कलश :** हाउसिंग कॉलोनी में बने यज्ञशाला में 11 यजमानों ने सपत्नीक मंत्रोंच्चारण के साथ कलश स्थापित किया। गौरवानंद महाराज के सानिध्य व ब्रह्मचारी उदितानंद के नेतृत्व में उपाचार्य मृत्युंजय शास्त्री ने मुख्य यजमान प्रभात रंजन पांडेय व रंजन पांडेय, देववंश तिवारी व मधुमालिनी तिवारी, शैलेश दुबे व सुनीता दुबे, संजय मिश्रा व रीना मिश्रा, रविंद्र पांडेय व सविता देवी, कमेश ओझा व संगीता ओझा, सोनू मिश्रा व आरुषि पाठक, अवध प्रसाद व उर्मिला देवी, हृदयानंद दुबे व तारा देवी, रामचंद्र दुबे व अर्चना दुबे एवं अमित पांडेय ने सपत्नीक यज्ञशाला में कलश स्थापित कराया।

**जलयात्रा में शामिल हुए विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि :** श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन निकली कलश यात्रा में विधायक, पूर्व विधायक व पूर्व सांसद समेत बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईया ,जिला परिषद उपाध्यक्ष टूटू सिंह, पांकी के पूर्व विधायक बिटू सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह, भाजपा महिला प्रवक्ता लवली गुप्ता, प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह, कांग्रेस युवा नेता रुद्र शुक्ला आदि शामिल थे।

### रथों पर सवार थे साधु -संत व नागा बाबा

कलश यात्रा में करीब आधा दर्जन सुसज्जित रथ शामिल थे। जिनपर इस महायज्ञ में शामिल होने आये साधु -संतो के साथ साथ नागा बाबा सवार थे। कई रथों पर स्थापित राधा -कृष्ण, श्रीराम -जानकी व महर्षि परशुराम से सबंधित जीवंत झाँकिया लोगों में भक्ति का संचार कर रही थीं।

### हेलीकॉप्टर से हो रही थी पुष्पवर्षा

कलश यात्रा के दौरान शिवाजी मैदान में पहुंचे श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। आसमान से फूल बरसाता हेलीकाप्टर काफी देर तक लोगों के लिए कौतुहल का विषय बना रहा। शहर में पहली बार कलश यात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के अनुभव ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया।

### व्यवस्थित व अनुशासित रही यात्रा

कलशयात्रा में भारी भीड़ होने की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। यात्रा मार्ग में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं यज्ञ स्थल से लेकर कोयल नदी तक विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल के साथ दर्जन भर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। यज्ञ के आयोजक राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के सैकड़ों कार्यकर्ता भी यात्रा को व्यवस्थित रखने में जुटे थे।

### देवकीनंदन ठाकुर का सानिध्य पाकर निहाल हुए श्रद्धालु

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा महायज्ञ में शामिल होने पलामू पहुंचे प्रख्यात भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज के शिवाजी मैदान पहुंचते ही वातावरण राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। श्री ठाकुर जी महाराज का सानिध्य पाकर कलश यात्रा में शामिल भक्त निहाल हो उठे। इस दौरान देवकीनंदन ठाकुर, गौरवानंद जी व योगाचार्य उदितानंद महाराज समेत यज्ञ उपाचार्य मृत्युंजय शास्त्री समेत 22 विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मन्त्रोंच्चारण कर कलश में जल भरन कराया। इसके पश्चात देवकीनंदन ठाकुर ने श्रद्धालुओं पर सप्त नदियों के पवित्र जल का छिड़काव कर जल यात्रा की शुरूआत कराई। श्री ठाकुर जी महाराज ने यहां से कलश यात्रा का नेतृत्व किया।

#### सभी 21 ब्लॉकों के लिये अलग-अलग पदाधिकारी-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति

## आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय सभाकक्ष से वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ-सीओ के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आगामी 24 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों में आयोजित किए जाने वाले शिविर को लेकर चर्चा की। सर्वप्रथम उपायुक्त श्री रंजन ने मनातू सीओ से शिविर को लेकर अबतक किये गये तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीडीओ को शिविर में ज्यादा से ज्यादा योग्य लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आयोजित किए जाने वाले शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 14 स्टॉल लगाये जायेंगे। वहीं एक रजिस्ट्रेशन काउंटर व एक स्टेज भी लगाया जायेगा। पंचायतों में लगने वाले शिविरों में ब्लॉक का जिला से बेहतर समन्वय हो,इसे लेकर उपायुक्त द्वारा सभी 21 प्रखण्डों के लिए अलग-अलग पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 पंचायतों व 3 बीडीओ को अगले वर्ष 26 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर 22 नवंबर को सभी बीडीओ व उनके कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।


#### दो दिवसीय आयोजन का समापन

## पलामू किला मेले 'जतरा मेले' ने दिलाई पंरपरा की याद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राजा मेदिनीराय की याद में औरंगा नदी तट स्थित सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया मे आयोजित दो दिवसीय पलामू किला मेला अथवा जतरा मेला मंगलवार को संपन्न हो गया। पलामू किला परिसर स्थित राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर मेला आयोजन समिति संरक्षक सह पंसस अरविद सिंह चेरो, अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह चेरो, सचिव विनोद यादव, रबदा मुखिया शंभू उरांव, उमेश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर सोमवार को मेले का आगाज किया। मंगलवार को मेला में लगे दुकानों से पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र, देशी मिठाई,लक्ष्मण झूला, मौत का कुआं के साथ मिनरल वाटर की खूब बिक्री रही। राजस्व मेला घोषित नहीं होने व पलामू किला का मरम्मत नहीं होने पर लोगों में नाराजगी दिखी। सूर्यमल सिंह चेरो ने कहा कि पलामू ही नहीं पूरे देश का गौरव पलामू किला में लगने वाले को अब तक राजस्व मेला घोषित हो जाना चाहिए था। किला का जीर्णोद्धार करने के बाद सरकार को इसे पर्यटन क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए था। आज राजा मेदिनीराय के किले को देखने के लिये बड़ी संख्या लोगों की भीड़ उमड़ रही है।औरंगा नदी तट पर सैकड़ों लोगों ने पिकनिक का आनंद लिया। लोगों ने कमलदह झील भी देखा। छठ पूजा के दूसरे दिन आयोजित जतरा मेला को देखने के लिए सुबह से ही दर्शकों की भीड़ एकत्रित होने लगी थी। मेले में चेरी दाई की पूजा-अर्चना व झांकी निकाली गई। वहीं आदिवासी समूह के लोग मांदर की थाप पर थिरकते रहे। पलामू किला मेला को देखने के लिए हजारों लोग अपने निजी वाहन, आटो, साइकिल, ट्रैक्टर, जीप व पैदल मेला स्थल पर पधारे थे। राजा मेदिनीराय द्वारा बनाए गए पुराना व नया पलामू किला सहित कमलदह झील का भी लोगों ने दीदार किया।

### राजकीय मेला घोषित नहीं होने से नाराजगी



**सीढ़ी नहीं होने से किला पर चढ़ने में परेशानी :** किला तक चढ़ने के लिए सीढ़ी नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मेला स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क की स्थिति भी अच्छी नहीं है। नदी के किनारे स्थित मेले में पलामू के अलावा अन्य जिले के लोग भी आए थे। बताया जाता है कि राजा मेदिनी राय की रानी कमलदह झील में ही स्नान करने जाती थी। इस कारण कमलदह झील देखने को लोग उत्सुक दिखे। अंधेरी कोठरी व किला में स्थित अनेकों जर्जर भवन का भी लोगों ने दीदार किया।

## तैयारी

#### 30 नवंबर को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदाता सूची का सत्यापन जोरों पर

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** स्टेट बार एसोसिएशन के निर्देशन में पलामू जिला बार एसोसिएशन मतदाता सूची का सत्यापन कार्य जोरों पर है।30 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के चुनाव की सरगर्मी भी तेज होती जा रही है। बताते चलें कि स्टेट बार एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 10 नवबंर को किया जा चुका है। बार एसोसिएशन चुनाव समिति के पदाधिकारी संजय दुबे ने बताया कि कतिपय कारणों से जिन सदस्यों का नाम मतदाता सूची से छूट गया है। वे 25 नवंबर तक सत्यापन के बाद अपना नाम सूची में शामिल करा सकते हैं। छूटे सदस्य अपना नाम सूची में शामिल कराने के लिए औपचारिकताओं को पूर्ण करने में जुटे हैं। विभिन्न पदों के संभावित उम्मीदवार भी इस कार्य में मतदाता सूची से वंचित सदस्यों का बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में संभावित उम्मीदवारों ने संपर्क अभियान भी तेज कर दिया है। साथ ही अधिवक्ताओं में लामबंदी भी शुरू हो गई है।



**16 पदों के लिए होगा चुनाव :** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव 16 पदों के लिए किया जाएगा। इसमें अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव पुस्तकालय, वरिष्ठ लेखाकार, कनिष्ठ लेखाकार सहित नौ कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। सभी पदों के लिए संभावित उम्मीदवार अपनी सक्रियता बढ़ा दिये हैं।

**16 दिसंबर को मतदान प्रस्तावित :** चुनाव समिति के पदाधिकारी संजय दुबे ने बताया कि अवकाश सहित अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद चुनाव समिति द्वारा स्टेट बार एसोसिएशन के पास 16 दिसंबर को डीबाए के चुनाव के लिए मतदान की तिथि निर्धारित करने का प्रस्ताव भेजा गया है। उसके अगले दिन 17 दिसंबर को मतगणना के उपरांत चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। बहरहाल मतदान का अंतिम निर्णय स्टेट बार एसोसिएशन के निर्देश के बाद किया जाएगा।

## भाकपा नेता ने ग्रामीणों की समस्याओं की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद रुचिर कुमार तिवारी एवं सदर प्रखंड सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने मंगलवार को झाबर पंचायत के कुनडेलवा गांव में ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उनकी जनसमस्याओं से अवगत हुए। उसके बाद प्रसिद्ध दो दिवसीय पलामू किला मेला में शामिल होकर राजा मेदिनी राय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सदर प्रखंड उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, रामेश्वर सिंह, बखारी उप मुखिया मणि देवी भी शामिल हुए। जिला सचिव ने कहा कि राजा मेदिनीनराय के नाम पर लगने वाला मेला अभूतपूर्व है। इसके बाद भी प्रदेश की किसी भी सरकार ने मेले में आमजन की सुविधाओं के मद्देनजर



किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की है। संपर्क मार्ग की सफाई तक नहीं कराई गई है। इससे आम राहगीरों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इसकी तैयारी राज्य सरकार बहुत पहले से करती है। कांग्रेस प्रदेश की गठबंधन सरकार में शामिल है। उसी पार्टी के मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह चेरो ने इस मेला का उद्घाटन भी किया है। इसके बाद भी उनके द्वारा व्याप्त समस्याओं की अनदेखी किया जाना समझ से परे है।

## गागर में सागर

### केतार मुखिया ने 500 छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण




**केतार।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के दिन केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने 500 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। वहीं मुखिया प्रमोद कुमार ने केतार, केतरी, नारायण वन छठ घाट का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया और छठ घाट पर कमेटी को सहयोग प्रदान किया। मुखिया ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का महान पर्व है। इस महापर्व में भिक्षाटन कर व्रत करने की परंपरा है। छठी मैया सभी व्रतियों की मनोकामना पूरी करती है। मुखिया ने समस्त प्रखंडवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। मौके पर उप मुखिया संजय पाल, जितेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### छठ महापर्व के दौरान चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी धनगर डीहा गांव में छठ पर्व की रात्रि हुई चोरी की घटना को लेकर पीड़ित गोरी शंकर यादव ने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध दो लाख दस हजार की कीमत के गहने व नकदी चुराने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने कहा है कि छठ की रात्रि उसके व दो भाई रविंद्र यादव व उपेंद्र यादव के परिवार छठ घाट पर गए थे। मैं अकेला घर में सोया था कि रात्रि में अज्ञात चोरों ने चहारदीवारी फांद कर घर में घुस गए व सभी लोगों का बक्शा, अलमीरा तोड़ कर कीमती सामान और नकदी चुरा लिए।

### डीएलएसए के तत्वाधान में लोगों को योजनाओं को लेकर किया गया जागरूक

**सिमरिया (चतरा)।** नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के शिला में संचालित संत थॉमस स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन कर विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में प्रभात फेरी निकालकर विशेष कर महिला, बच्चे और दिव्यांगों को मिलने वाले सरकार की जनकल्याण जानकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी परिस्थिति में बैंक अधिकारी फोन कर खाता से संबंधित जानकारी नहीं मांगते। ऐसा साइबर क्रिमिनल करते हैं। अतः अपने अकाउंट से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी फोन पर नहीं दें और ना ही ओटीपी किसी से शेयर करें। अनजाने लिंक को भी टच न करे और अगर साइबर क्राइम के शिकार हो गए हैं तो नजदीकी थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराएं।

### शिक्षक और अभिभावकों की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस 2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में शिक्षक व अभिभावकों की बैठक हुई। जिसकी शुरूवात शिक्षकों व अभिभावकों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को शिक्षकों ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, विद्यालय नहीं आने की सुचाना देने, आईसीटी कक्षा के संचालन, स्कूल हेल्थ वेलनेस का प्रोगराम संबंधित जानकारी देते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह व संचालन शिक्षक चंदन कुमार पांडेय ने किया। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद दांगी, शिक्षक गेंदों रविदास, मो. रमजान अली, पंकज कुमार, मो. तमीम अहमद, उमेश राज सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सीबीएसई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पदक जीतने वाला पहला खिलाड़ी बना पवल किशोर पासवान

# गढ़वा के युवा मुक्केबाज ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में रचा इतिहास

**पवल की उपलब्धि पर सूबे के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उप सचिव पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद निदेशालय श्री राज महेश्वरम, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे आदि ने दी बधाई**



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

महेंद्रगढ़, हरियाणा में 17 से 19 नवंबर 2023 तक आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गढ़वा के मुक्केबाज ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। अभी तक सीबीएसई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में किसी भी खेल में जिले के किसी खिलाड़ी ने पदक नहीं जीता था। पवल किशोर पासवान एकमात्र खिलाड़ी है जिसने पदक जीतकर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित किया है। पवल ने अंडर 17 में 38-42 किलो भारवर्ग में पदक अपने नाम किया। पवल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देने वाले सूबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उप सचिव पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद निदेशालय श्री राज महेश्वरम, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष, लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सह सचिव पुनीत जायसवाल, जीएन कॉन्वेंट स्कूल के प्राचार्य मदन प्रसाद केशरी, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेल कूद ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार, राजन कुमार आदि ने बधाई दी है।

# खरौंधी, डंडई और रमना प्रखंड को मिले नए बीडीओ, अधिसूचना जारी

### खरौंधी में रविंद्र कुमार की पदस्थापना, सुदेश कुमार डंडई व संजय कुमार रमना के बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी/डंडई/रमना**

राज्य सरकार ने गढ़वा जिले के खरौंधी, डंडई और रमना प्रखंड में नए प्रखंड विकास पदाधिकारी की पदस्थापना की है। इस संबंध में मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इस पर तीनों प्रखंड के लोगों ने खुशी काइजहार किया है।

खरौंधी प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बीडीओ गणेश महतो के खूंटी के अड़की स्थानांतरित हो जाने से प्रखंड रिक्त हो गया था। बीडीओ के चले जाने से ब्लॉक का संचालन अंचलाधिकारी सुनील कुमार के प्रभार के भरोसे चल रही था, जिससे आम अवाम को काफी परेशानी होती। खरौंधी प्रखंड में बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गई थी, परंतु राज्य सरकार ने मंगलवार को बीडीओ की पोस्टिंग का नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें रविंद्र कुमार को खरौंधी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। उनकी पोस्टिंग से जनता में उम्मीद जग गयी है। वहीं बीडीओ गणेश महतो का कई दिनों पहले खूंटी के अड़की प्रखंड में



पदस्थापना हो गयी थी। लेकिन खरौंधी में बीडीओ की पोस्टिंग नहीं की गई थी। खरौंधी में सीओ सुनील कुमार की पोस्टिंग कुछ दिन पहले हुई थी। उन्हीं के द्वारा प्रखंड की विकास योजनाओं का संचालन किया जा रहा था, लेकिन विकास योजनाओं को गति नहीं मिल पा रही थी। बीडीओ की पोस्टिंग होने से खरौंधी में विकास की गति तेज होगी। बीडीओ की पदस्थापना होने पर नेताओं ने राज्य सरकार को बधाई दी है। इसमें झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, प्रमुख आभा रानी, कांग्रेसी नेता राहुल दुबे, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमो कार्यसमिति सदस्य बिनोद यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, शशि पासवान, सतेंद्र बैठा, अरविंद पासवान, जाकिर हुसैन, रामसुभाग राम, विष्णु बैठा, देवबश गुप्ता, अजित यादव आदि शामिल हैं।

### डंडई प्रखंड में बीडीओ की स्थायी पोस्टिंग हुई

**डंडई/रमना।** डंडई ब्लॉक के लिए मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से बीडीओ की स्थायी पोस्टिंग कर दी गई है। सुदेश कुमार गृह जिला देवघर को ब्लॉक का नया बीडीओ बनाया गया है। राज्य सरकार की चिट्ठी में उनका नाम क्रमांक सातवें नंबर पर दर्ज है। मालूम हो कि ब्लॉक के तात्कालिक बीडीओ सोमा उरांव के तबादला के बाद ब्लॉक के लिए राज्य सरकार की ओर से स्थायी बीडीओ की पोस्टिंग नहीं की गई थी। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा राहुल कुमार सानू को बीडीओ के रूप में प्रतिनियुक्त कर उन्हें डंडई ब्लॉक भेजा गया था। राहुल कुमार सानू को प्रखंड में बतौर बीडीओ के पद पर सेवा देते दो महीने भी नहीं हुए कि राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को प्रखंड के लिए नये बीडीओ की पोस्टिंग कर दी गई। प्रखंड को स्थायी बीडीओ मिलने से ग्रामीणों के बीच हर्ष का माहौल है। वहीं संजय कुमार को रमना प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है।

# कैलान में दो सप्लायरों में जमकर चले लाठी डंडे, चार लोग घायल

**भवनाथपुर सीएचसी से दो घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल किया गया रेफर**

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

थाना क्षेत्र के कैलान गांव में लेबर सप्लाई को लेकर हुए विवाद में दो सप्लायरों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्ष से चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां एमपी डब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। इस मामले को लेकर अभी तक दोनों पक्षों के द्वारा थाना में लिखित शिकायत नहीं की गई है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि कैलान गांव निवासी मथुरा साह का पुत्र ओमप्रकाश साह गांव में किसी काम से अपनी बाइक से जा रहा था। इसी बीच गांव के ही पिंकू साह का ओमप्रकाश से विवाद हो गया। उसके साथ मारपीट की गई। शोरगुल करने पर पिता मथुरा साह अपने पुत्र को बचाने पहुंचा था कि पिंकू साह व उसके भाई प्रमोद साह, मां सुरजी देवी ने लाठी टांगी से वार कर दिया। इसमें एक पक्ष से मथुरा साह एवं पुत्र ओमप्रकाश व दूसरे पक्ष से पिंकू साह व मां सुरजी देवी घायल हो गए। मथुरा साह व सुरजी देवी को बेहतर इलाज के लिए गढवा रेफर कर दिया गया।

बता दें कि इन दिनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से दिहाड़ी मजदूरों को ज्यादा पैसा का लालच देकर बिचौलियों के द्वारा कमीशन पर बाहर कार्य हेतु अवैध रूप से भेजा जा रहा है, जहां मजदूरों को बिचोलिया द्वारा छह माह या एक साल तक का एडवांस पैसा देकर बाहर ले जाया जा रहा है। इसमें कुछ मजदूरों द्वारा दो तीन बिचौलिया से पैसा एडवांस के तौर पर ले लिया जा रहा है जो विवाद का कारण है। इस तरह के मामले में मानव तस्करी की तरह कार्य किया जा रहा है। नियमतः मजदूरों के बाहर कार्य करने के लिए जाने पर सरकार के द्वारा निबंधन कराना है ताकि किसी भी अप्रिय घटना घटने पर मजदूर को उचित लाभ मिल सके।

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय में हुई एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राहगीरों के सहयोग से उठाकर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां युवक का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार चिनिया निवासी रामजी पासवान के पुत्र विकास पासवान अपनी मोटरसाइकिल से चिनिया से गढ़वा की ओर जा रहा था। इसी बीच, चिनिया स्थित पुरानी रेंज ऑफिस के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे विकास पासवान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चेहरे सहित शरीर के कई भागों में गंभीर चोटें लगी हैं। वहीं राहगीरों की नजर जब घायल पड़े युवक पर पड़ी तो उसे उठाकर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया।

# रनपुरा में एक ही रात दो खलिहानों में लगी आग

### 70 बोझा धान और तीन ट्रैक्टर पुआल जलकर राख, पीड़ितों को हुआ भारी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के रणपुरा गांव में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने दो किसानों के खलिहान में रखे धान के बोझे व पुआल में आग लगाकर भारी छती पहुंचाई है। जानकारी के अनुसार सबसे पहले अज्ञात लोगों द्वारा रात करीब 9:30 बजे रनपूरा गांव निवासी करमचंद शाह के खलिहान में रखे हुए तीन ट्रैक्टर पुआल को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे किसान करमचंद शाह को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि अज्ञात लोगों ने इस तरह का कायरना हरकत कर हमें भारी क्षति पहुंचाई गई है। अब हमें पूरा साल अपने पशुओं को चारा खिलाने के लिए सोचना पड़ेगा। वहीं रणपुरा गांव निवासी उपेंद्र सिंह पिता धर्मेंद्र सिंह के खलिहान में रखे लगभग 70 बोझा धान को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे लगभग 10 क्विंटल





धान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया है। भूक्तभोगी किसान ने बताया कि रात करीब 11:00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा हमारे खलिहान में रखे धान को आग के हवाले कर दिया गया। इससे हमें भारी नुकसान हुआ है। वहीं एक ही रात में दो किसानों के खलिहानों में आग लगाने की घटना से गांव के लोग भी हतप्रभ है।

## राजनीति

### छपरदागा में हुए मिलन समारोह में 100 से अधिक लोग भाजपा में शामिल

# जनप्रतिनिधि के कारनामे से जनता त्रस्त : सत्येन्द्रनाथ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डंडा प्रखंड के छपरादागा गांव स्थित महुराम टोला में मंगलवार को आयोजित भाजपा के मिलन समारोह में 100 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि के कारनामे से क्षेत्र की जनता त्रस्त हो चुकी है। हर जगह लोग दहशत के साये में जीने को विवश हैं। वर्तमान जनप्रतिनिधि अपने पद का दुरुपयोग और कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के सहारे लोगों को डरा-धमका कर झामुमो में शामिल होने का दबाव बना रहे हैं। भाजपा वैसे सभी भ्रष्ट पदाधिकारियों की सूची तैयार कर रही है। भाजपा के सरकार बनने के साथ ही झामुमो के कार्यकर्ता की तरह काम करने वाले पदाधिकारियों पर नकेल कसी जाएगी। उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा



कि मंत्री की सहमति से हर सेक्टर में लूट मची है। राज्य में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं बची है। बालू के अभाव में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना पीएम आवास पर ग्रहण लग गया है। लोग अपना निजी मकान सहित अन्य कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जबकि मंत्री के चहेते ठेकेदारों को हाईवा से बालू उपलब्ध हो जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मंत्री और झामुमो सरकार की कार्यप्रणाली को जनता पूरी तरह समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में क्षेत्र की जनता मंत्री को गांव में नहीं घूसने देगी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है। यहीं कारण है कि लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में चंद्रशेखर शर्मा, अभिषेक कुमार शर्मा, राजा शर्मा, पप्पू शर्मा, कंचन पासवान, हर्षवर्धन शर्मा, रामजीत कुमार, सुजीत कुमार, अविनाश कुमार, प्रमोद कुमार चौधरी, प्रमोद प्रजापति, दिलीप शर्मा, अशोक शर्मा, विश्वनाथ चौधरी, पवन चौधरी, विकास शर्मा, प्रमोद शर्मा, मुकेश चौधरी, विजय चौधरी, अरूण कुमार शर्मा, मनिया देवी, कविता देवी, शीला देवी, ममता देवी, गायत्री देवी, मंती देवी, बसंती देवी, बरत देवी, राहुल चौधरी, मनोज विश्वकर्मा, अर्जुन शर्मा, अभिमन्यु शर्मा रामाशीष चौधरी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुखिया जदू चौधरी, मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी, पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, प्रेम चौरसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चबूतरा के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा कार्य, आक्रोश

### ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया ने की जांच, निर्माण कार्य रोका

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

बनसानी पंचायत के माईधिया टोला में 15वें वित्त से निमार्णाधीन चबूतरा में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराये जाने से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। चबूतरा का निर्माण कार्य पंचायत निधि मद की राशि 1 लाख 15 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

ग्रामीण मुकेश यादव, अनुराग यादव, अरविंद यादव, विमलेश यादव, विवेक यादव, संदेश यादव आदि ने बताया कि संवेदक सह वार्ड सदस्य विजय यादव द्वारा चबूतरा निर्माण में घटिया किस्म के बालू से ईंट की जोड़ाई कराये जाने के साथ ही निर्माण कार्य में दोयम दर्जे का मैटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। कहा कि जब चबूतरा का निर्माण सड़क से कुछ दुरी पीछे बनाये जाने की बात ग्रामीणों ने कही तो संवेदक द्वारा मनमाना रवैया अपनाते हुए ठीक मुख्य पथ से सटकर चबूतरा



बनवाया जा रहा है। संवेदक द्वारा प्राक्कलन एवं निर्धारित मानक के अनुसार चबूतरा का निर्माण नहीं कराये जाने से यह कभी भी ध्वस्त हो सकता है। इस मामले में पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान ने बताया कि चबूतरा में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने तथा घटिया बालू का उपयोग किये जाने संबंधी ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर उक्त निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

## गागर में सागर

### एनएच 22 पर संघरी घाटी में चलती कार में आग, बाल-बाल बचे सवार



**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के एनएच 22 स्थित संघरी घाटी में चलती कार में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार घाटी पार करने के दौरान कार के इंजन से अचानक धुआं निकलने के बाद देखते ही देखते पूरे कार में आग लग गई। इस घटना में कार में सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। चालक मनोहर प्रजापति ने बताया कि वे लोग बिहार के गया से राउलकेला जा रहे थे। इस बीच घाटी जैसे ही पहुंचे कार से धुआं निकलने लगा, कार को खड़ा कर से सामान उतारते-उतारते आग धधकने लगी। इस बीच प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रज्जा इसी रास्ते से गुजर रहे थे। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल दमकल वाहन को दी। वहीं दमकल वाहन जब तक पहुंची तब तक आग पूरी तरह कार को अपने कब्जे में ले चुकी थी। हालांकि दमकल ने कार को बुझाया, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम को हटाया।

### संयुक्त सचिव आकांक्षी कार्यक्रम के तहत पहुंचे मंझगावा, आमजनों से हुए रूबरू

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड की मंझगावा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव रूपेश कुमार ठाकुर पहुंचे। ज्ञात हो कि मयूरहंड प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड में चिन्हित किया गया है। संयुक्त सचिव का जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं, प्रमुख मिक्की देवी, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, मंझगावा मुखिया सह दिशा सदस्य मंजीत कुमार सिंह ने स्वागत किया। संयुक्त सचिव ने बैठक में शामिल उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकता को प्राथमिक श्रेणी में रख विकास करने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ ने क्षेत्र में विकास से संबंधित क्रियान्वन गतिविधियों से आमजनों को अवगत करवाया। ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में विकास की गति आवश्यक स्तर की सूचकांक रेखा से कुछ नीचे है। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बताया, वहीं स्वास्थ्य तथा बालविकास विभाग की सुविधा जन जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिए राज्य सरकार को भेजने को निर्देश डीडीसी को दिया। जिप सदस्य व मुखिया संघ ने ज्ञापन सौंप डिग्री कॉलेज खुलवाने की मांग की। सोकी व फुलांग के नदियों में चेकडेम निर्माण कर तालाब में पानी संग्रह की व्यवस्था का सुझाव दिया गया। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामभरोस यादव, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, रामनाथ यादव, अजय कुमार भुईयां, पंसस पूजा सिंह, बीपीओ राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद थे।

### केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव ने जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**चतरा।** संयुक्त सचिव एवं महानिदेशक श्रम कल्याण भारत सरकार सह जिला प्रभारी पदाधिकारी रूपेश कुमार ठाकुर, भारत संकल्प यात्रा, आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी प्रखंड की समीक्षा करने मंगलवार को चतरा पहुंचे। ठाकुर का उपायुक्त अबु इमरान ने स्वागत किया। इसके बाद जिले में होने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। ठाकुर ने कहा कि यह यात्रा देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उक्त यात्रा शुरू की जा रही है। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जानकारी दी कि जिले में मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है।ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिह्नित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनको लाभान्वित किया जाए। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। चतरा जिला का डेल्टा रैंक 90, शिक्षा में 7, स्वास्थ्य और पोषण में 97, कृषि और जल संसाधान में 41, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास में 72, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में 92 रैंक रहा। इस पर उन्होंने रैकिंग में सुधार हेतु सुझाव दिए। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीन्द्र भगत, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, सभी बीडीओ, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि गरिमा सिंह, अमित भारती, दीपांशी निगम समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटन में महिला गंभीर

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू मोड़ के समीप मंगलवार को बाइक दुर्घटना में एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला कटकमसांड़ी थाना क्षेत्र के ढौठवां गांव की कविलाश देवी है। पवन विश्वकर्मा ने कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।

# आदिम जनजाति युवक की गला दबाकर हत्या

## पुलिस बोली, पहली नजर में आपसी रंजिश या प्रेम प्रसंग का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम के ढेकीखूंटी टोली में सोमवार रात्रि अज्ञात अपराधियों ने आदिम जनजाति के युवक अजीत परहिया की गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार अजीत परहिया (18), पिता गुजर परहिया अपने घर में अकेला सोया हुआ था। उसकी माता का निधन हो गया है जबकि उसके पिता बाहर कमाने गए हुए थे, जिससे वह अपने घर में अकेले रहता था। इसी बीच सोमवारा रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने किसी रस्सी या बेल्ट से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृत युवक के आंख एवं सिर में भी चोट के निशान पाए गए हैं।

**कहा-जल्द ही मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा**



मंगलवार की सुबह अजित परहिया का शव देखने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह को दी। मुखिया ने इसकी सूचना बरवाडीह पुलिस को दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, सब इंस्पेक्टर रवि गुप्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा। मृतक के घर के आसपास काफी संख्या में लोगों को भीड़ जमा हो गई थी। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या प्रकरण में आपसी रंजिश या प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत होता है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जल्द मामले का उद्वेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### मतदाताओं का नाम जोड़ने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**लातेहार।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए फॉर्म संग्रह कराने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म संग्रह कराएं। उपायुक्त ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे घर -घर सर्वे कार्य की नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा योग्य नागरिकों का फॉर्म संग्रह में तेजी लाने एवं कम प्राप्त फॉर्म वाले स्थानों पर अत्यधिक मेहनत करने का निर्देश दिया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मो. परवेज, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़, बिपिन कुमार दुबे आदि मौजूद थे।

## चोरी की बाइक के साथ एक को किया गिरफ्तार

### एक वर्ष पूर्व हुई घटना का हुआ खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शहर में सक्रिय बाइक चोरों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए चोर दीपक कुमार दास उर्फ राहुल दास चतरा शहर के नगवां मुहल्ले का रहने वाला है।

गिरफ्तार चोर ने पुलिस पूछताछ के दौरान एक वर्ष पूर्व हुए मोबाइल छिनतई मामले का खुलासा करते हुए मोबाइल चोरी की घटना में शामिल होने की बात को स्वीकार किया है। साथ ही अपने साथ छिनतई और चोरी की घटना में शामिल दो अन्य दोस्तों के शामिल होने की बात भी बताई है। पुलिस ने गिरफ्तार चोर की निशानदेही पर एक वर्ष पूर्व छिने गये जियो कम्पनी के कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं गिरफ्तार चोर के पास से चोरी की एक होंडा मोटरसाइकल बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर का आपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध चतरा के सदर थाना सहित हजारीबाग के कटकमसांडी थाने में पांच से अधिक मामले दर्ज हैं। आगे उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा के लिए जेल भेज दिया गया है। वहीं चोरी और छिनतई की घटना में शामिल अन्य चोरों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## 'किशोरी की मां ने दोषियों के लिए मांगी फांसी की सजा'

### पूर्व विधायक प्रकाश राम मिले परिजन से, न्याय के लिए सड़क पर उतरने की बात कही

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



नाबालिग आदिवासी छात्रा हत्याकांड के दूसरे दिन भाजपा नेता सह पूर्व विधायक प्रकाश राम पीड़िता के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। पीड़िता की मां ने दोषियों के लिए फांसी की मांग की है। कहा कि मुझे मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। वहीं मृतिका की बहन ने घटना से संबंधित जानकारी पूर्व विधायक को दी। पिता ने कहा कि दोषी बचने नहीं चाहिए। पीड़ित परिवार को आश्वस्त करते हुए प्रकाश राम ने कहा कि बिटिया को न्याय दिलाने के लिए हर लड़ाई वो लड़ेंगे। प्रशासन की समयसीमा खत्म होने के बाद जरूरत हुई तो सड़क में उतर कर न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। न्याय दिलाने के लिए व्यक्तिगत रूप से संबंधित अधिकारियों से मिलेंगे। प्रकाश राम ने पीड़िता के घर से ही एसपी से दूरभाष पर बात करते हुए इस कांड के उदभेदन हेतु जांच में तेजी लाने का आग्रह किया। सिविल एसडीओ से बात कर नियमानुसार मुआवजा देने की भी बात कही। मौके पर राजकुमार पाठक, अमित गुप्ता, शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, बिनय कुमार रिक्की, रविराज, छोटू रजक, रविकांत ठाकुर आदि शामिल थे।

वहीं युवा नेता नागमणि कुमार ने दिवंगत किशोरी के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। परिजनों ने बताया कि बच्ची के साथ हैवानियत कर उसकी हत्या की गई है। नागमणि ने कहा पंद्रह दिन में थाना क्षेत्र में दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। लगता है कि अपराधी बेकाबू हो गए हैं। नागमणि ने पुलिस अधीक्षक से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# आदिवासी किशोरी हत्याकांड पर आक्रोश

## नेताओं ने की अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग, परिजनों की आर्थिक मदद की

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा ने आदिवासी किशोरी के साथ हुए जघन्य अपराध की घटना पर गहरा रोष प्रकट किया है। मुंडा ने घटना को अंजाम देने वालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाये कम है। मुंडा ने कहा कि अगर जल्द ही अपराधी गिरफ्तार नहीं किये गए तो वे इस मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करेंगे।

वहीं सोमवार शाम झामुमो नेता दीपु सिंहा कामता, पंसस अयुब खान पीड़ित परिवार से मिलने डेमटोली स्थित उनके घर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नेताओं ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी की। नेताओं ने कहा कि चंदवा में आपराधिक घटनाओं में तेजी आई है। पिछले 15 दिन में दो लोगों की हत्या हो गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस का सूचना तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है। अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने किशोरी हत्याकांड में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

बताते चलें कि रविवार शाम छठ पूजा देखने निकली एक आदिवासी किशोरी का शव गेरुआगढ़ा रेलवे ब्रिज के समीप से बरामद किया गया था। परिजनों व ग्रामीणों को आशंका है कि किशोरी की रेप के बाद हत्या की गई है। सोमवार देर शाम किशोरी का परिजनों ने नम आंखों से देवनद तट पर अंतिम संस्कार कर दिया। चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। मुखिया रंजीत उंराव ने क्रियाक्रम के लिए पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की।

### एमओ ने पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराया खाद्यान्न



वहीं प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, जनवितरण प्रणाली दुकानदार राम कृष्ण मिश्रा मंगलवार को डेमटोली (चंदवा) पीड़ित परिवार के घर पहुंचे, परिजनों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया। आदिवासी नाबालिग लड़की की हत्या की घटना की सूचना मिलने पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान, अब्दुल अंसारी डेमटोली पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे परिजनों से मुलाकात कर पड़ोसियों से घर की स्थिति के बारे में जानकारी ली थी। पड़ोसियों ने बताया था कि परिवार अंत्यंत ही निर्धन है। घर की माली हालत ठीक नहीं रहती है। पिता पहले टोरी में हिंडाल्को बॉक्साइट पत्थर लोड कर परिवार का किसी तरह भरण पोषण करते थे। इधर यह काम भी छूट गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में आपूर्ति पदाधिकारी को नेताओं ने सोमवार को ही अवगत कराकर उनसे खाद्यान्न उपलब्ध कराने का आग्रह किया था।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का करें व्यापक प्रचार प्रसार

## बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों को दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड सभागार प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। डंग ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा सभी पंचायतों में चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि कर्मियों को बृहद रूप से लोगों के बीच जाकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि योजनाओं का लाभ हर एक व्यक्ति तक पहुंच सके। कार्यक्रम में कई प्रकार के स्टॉल भी लगाए जाने हैं।




**आपके द्वार कार्यक्रम की पंचायतवार तिथि :** महुआडांड़ की सभी 14 पंचायतों के लिए इस कार्यक्रम को लेकर पंचायतवार तिथि का निर्धारण किया गया है। यह कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर तक प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में होगा। सर्वप्रथम 24 नवंबर को अक्सी पंचायत, 29 नवंबर को अम्वाटोली पंचायत, 1 दिसंबर को चैनपुर पंचायत, 2 दिसंबर को चंपा पंचायत, 4 दिसंबर को दुरुप पंचायत, 6 दिसंबर को गढ़बुढ़नी पंचायत, 8 दिसंबर को हमी पंचायत, 11 दिसंबर को महुआडांड़ पंचायत, 13 दिसंबर को नेतरहाट पंचायत, 15 दिसंबर को ओरसा पंचायत, 16 दिसंबर को परहाटोली पंचायत, 18 दिसंबर को रेगाईं पंचायत, 20 दिसंबर को सहर पंचायत, और अंत में 22 दिसंबर को चटकपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश

**महुआडांड़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गई, जिसमें सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सभी पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान डंग ने कहा कि जो भी योजनाएं अपूर्ण हैं उसे ससमय पूर्ण करें। लंबित प्रधानमंत्री आवास निर्माणों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करें। मनरेगा योजना समेत अन्य प्रकार की जो भी योजनाएं हैं उन्हें सुचारु रूप से संचालित करते हुए ससमय पूर्ण करें। वहीं जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उन्हें क्लोज करें। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर समय अवधि के अनुसार योजनाएं पूर्ण नहीं की जाती हैं तो संबंधित पंचायत कर्मियों पर करवाई की जाएगी।

## बारियातु : लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा स्थित बाजार टांड परिसर में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं सात दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य जजमान प्रहलाद सिंह सह पत्नी, कन्हाई सिंह सह पत्नी, गोवर्धन सिंह सह पत्नी, हिरामणी साव सह पत्नी, विजय यादव सह पत्नी, अवध सिंह सह पत्नी ऋषि सिंह सह पत्नी, राम सिंह सह पत्नी,कृष्णा सिंह सह पत्नी, डब्लू सिंह सहित 21 जजमान के अलावा कई, कुंवारी कन्या एवं महिलाएं यज्ञ परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश उठाकर पैदल भाटचतरा बस्ती होते टोंटी नदी तट पर पहुंची, जहां यज्ञचार्य स्वामी मधुसूदन महाराज के मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन तथा वरूण देव का आह्वान कर कलश में नदी का पवित्र जल भरा गया। पुनः कलश यात्रा यज्ञ पंडप पहुंची, जहां यज्ञाचार्य स्वामी मधुसूदन महाराज ने मंत्रोच्चार के पश्चात कलश स्थापित कराई।

कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे लातेहार विधायक बैजनाथ राम, भाजपा नेता सह लातेहार विधानसभा के भावी उम्मीदवार चेतलाल रामदास, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र कुमार सिंह, आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, टोंटी पंचायत समिति सदस्य मो. होजैफा, आजसु केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह आदि लोग शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, कन्हाई सिंह सचिव उदय सिंह, कालेश्वर यादव उपाध्यक्ष अवध सिंह, कृष्णा सिंह, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उपसचिव तुलसी राणा सहित कई लोगों की सराहनीय भूमिका रही। यज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने बताया कि 26 नवंबर को धर्म सम्मेलन एवं संत सम्मेलन तथा हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा और 21 नवंबर से कृष्ण रासलीला सात दिनों तक की जायेगी।

**आक्रोश** तेतरिया कोल माइंस परिसर में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई बैठक

# तय भाड़ा नहीं मिलने पर ट्रक ऑनरों ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

रजहरा एरिया के तेतरिया कोल माइंस परिसर में मंगलवार को ट्रक ऑनर एवं डीओ होल्डर की विस्थापित नेता बिहारी यादव की अध्यक्षता में बैठक की हुई। इसमें मुख्य रूप से कमेटी द्वारा निर्धारित भाड़ा एवं डीओ धारक का कोयले का उठाव एवं माइंस में सीरियल नंबर से गाड़ी के प्रवेश को लेकर चर्चा हुई।



बैठक के दौरान यादव ने बताया कि सीसीएल का पावर सेक्टर का कोयला जो माइंस से बालूमाथ कोल साइडिंग तक परिवहन किया जा रहा है उस पर बसिया कमेटी की ओर से भाड़ा 576 रुपये/टन तय किया गया था, लेकिन इसके बजाय मात्र 400 रुपये/टन दिया जा रहा है। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि अगर कमेटी द्वारा तय भाड़ा के अनुसार डीओ धारक द्वारा भाड़ा नहीं दिया जाता है, तो ट्रक ऑनर इसका विरोध करते हैं और आगे ऑनरों ने कम भाड़ा में कोयला ढुलाई नहीं करने का निर्णय लिया है। मौके पर गाड़ियों का सीरियल नंबर से माइनस में प्रवेश कराने आदि नियमों को लेकर आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम का संचालन विस्थापित गंगेश्वर यादव ने किया।

मौके पर काली यादव, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, दिलीप यादव, सुरेंद्र साव, प्रकाश यादव, राजन यादव, राहुल यादव, तिवारी यादव, मुनेश्वर यादव, रवि यादव, राजेश तुरी, मनोज साव, रवींद्र साव, रवि यादव, मंटू साहू आदि उपस्थित थे।

### बस में महिला के साथ छेड़खानी पर प्राथमिकी दर्ज

**बालूमाथ।** विगत दिनों रांची से चतरा के बीच चलने वाली मोना बस में एक महिला यात्री के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता ने बालूमाथ थाना में पिंडारकोम निवासी मकसूद मियां नामक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने प्राथमिकी में बताया है कि अपनी बीमार मां का इलाज कराकर रांची से चतरा वापस लौटने के क्रम में बालूमाथ पहुंचने से पहले बस में उपरोक्त व्यक्ति पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बालूमाथ थाने मे धारा 354 (ए) तथा 354 (डी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## गागर में सागर

### महिलाओं ने की आंवला के पेड़ की पूजा



**लोहरदगा।** जिले में मंगलवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को शहर की महिलाओं ने आंवले की पूजा की। वहीं भगवान विष्णु की कथा सुनी गई। महिलाओं ने आंवले वृक्ष की विधि विधान के साथ पूजा की। तत्पश्चात ब्राम्हण को दान दक्षिणा देने के उपरांत आंवले के पेड़ की छांव में बैठ कर व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर भोजन किया। बताया जाता है कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष नवमी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक भगवान विष्णु आंवला के वृक्ष में निवास करते हैं। इसलिए इस दिन आंवला के वृक्ष की पूजा अर्चना करने से सभी प्रकार के दोष से मुक्ति मिलती है। महिलाओं ने आंवला के पेड़ पर मौली धागा बांधकर भगवान की आरती के साथ ही पेड़ की कम से कम 11 बार परिक्रमा की। मान्यता है कि पूजा करने से आरोग्य, सुख-शांति और अखंड सौभाग्य, संतान सुख की प्राप्ति होती है।

### अबुआ आवास योजना के पात्र किसी के झांसे में नहीं आएं : सदरुल अंसारी

**कुडू।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरुल अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रखंड क्षेत्र के लोगों को झारखंड अबुआ आवास योजना में दलालों के झांसे में नहीं आने की अपील की है। उन्होंने सभी को सजग और जागरूक रहने की अपील करते हुए बताया कि यह एक जन कल्याणकारी योजना है और पूरी तरह पारदर्शी भी है। इस योजना के तहत झारखंड सरकार का प्रमुख उद्देश्य उन लोगों को आवास प्रदान करना है जिनके पास रहने के लिए पक्का मकान नहीं है। उन सभी को इस योजना के तहत 3 कमरों का पक्का मकान प्रदान किया जाएगा। सरकार ने योजना के लिए फार्म भरने की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। इसलिए पात्र किसी के झांसे में न आकर इसके लिए आगामी सरकार आपके द्वार शिविर या संबंधित मुखिया के पास फार्म जमा करें।

### सूर्य मंदिर परिसर में छठ पर्व के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ पर्व समापन पर सोमवार देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक देव चरण दांगी, मुखिया निर्मला देवी, पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष कविंद्र कुमार, सचिव मुकेश कुमार, शिक्षक जवाहर दांगी, निर्देश राजेश कुशवाहा आदि ने संयुक्त रूप से किया। उसके बाद धनबाद की टीम ने बेहतर प्रस्तुति देकर दर्शकों का खुब मनोरंजन किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष असुरंजन कुमार, विकास कुमार, प्रभात कुमार, मनु कुमार सहित भारी संख्या में दर्शक शामिल थे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया गावों का दौरा



**गिद्धौर(चतरा)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से क्षेत्र में व्याप्त समस्या से अवगत हुए। नागमणि ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से एक बार प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। जनता ने दुबारा मौका दिया तो लोकसभा क्षेत्र की स्थिति वह भविष्य को बदल देंगे। मौके पर राजूलाल वर्मा, राजेश कुशवाहा व प्रसादी राणा आदि मौजूद थे।

### देवनद घाट की सफाई में जुटा युवा भारत

**चंदवा।** छठ महापर्व समाप्त होने के बाद मंगलवार को देवनद तट पर फैली गंदगी को युवा भारत के सदस्यों ने साफ करना शुरू कर दिया। युवा भारत की पहल पर छठ घाट पर सफाई शुरू हो गयी। युवा भारत के पवन गुप्ता ने कहा कि देवनद की पवित्रता बनी रहे इसके लिए सफाई जरूरी है। पवन ने बताया कि दो दिनों में पूरे घाट को साफ कर दिया जाएगा। नदी के दक्षिणी छोर पर बैरिकेडिंग कर बड़े वाहनों को नदी पर उतरने से रोका जाएगा। सफाई अभियान में उप प्रमुख अश्वनी मिश्रा, रविराज, अंकित कुमार, गौरव दुबे, दीपक भगत, मुकेश साहू समेत कई लोग शामिल थे।

### भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में भव्य नागपुरी भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# उग है सूरज देव...जैसे छठी मैया के गीत के रस में सराबोर हुए श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में आस्था एवं विश्वास का पर्व छठ महापर्व के मौके पर आराध्य छठ पूजा समिति मसमानो के बैनर तले भव्य नागपुरी भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भंडरा के पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी, मसमानो पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर उरांव, समाजसेवी सूरज उरांव, गुलाम मुस्तफा, वार्ड सदस्य गीता कुमारी, लाल संदीप शाहदेव, समाजसेवी बल्केश्वर साहू, मुकेश साहू सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। आगंतुक सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भक्ति जागरण प्रोग्राम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत करने के साथ बैच व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए डीके भक्ति जागरण मंडली के वादक एवं गायक-गायिका मसमानो गांव पहुंचे। गायक मास्टर धनेश, आशीष, स्वीटी एवं अंशु ने एक से बढ़कर एक छठी मैया के गीत लोगों को समर्पित किया। उग है सूरज देव... गीत ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन जीत लिया। वहीं वादक ने मनमोहक म्यूजिक देकर लोगों को एक मंच पर समेटे रखा। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मां की महिमा अपरंपार है। श्रद्धा हम सबों के दिलों में रहता है। सच्ची मन और श्रद्धा के साथ मां का सेवा करने से जीवन सफल होता है। बिहार के बाद अब झारखंड में भी पूरी श्रद्धा और भाव के साथ शहर से लेकर गांव की गलियों तक छठ महापर्व मनाया जाता है। छठ पर्व के मौके पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन करना आयोजन समिति की यह सराहनीय पहल है। जागरण के माध्यम से लोगों के अंदर भक्ति भावना भी जागृत होती है। मौके पर मुख्य रूप से मसमानो पंचायत के लाल त्रिभुवन नाथ शाहदेव, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, विजय साहू, तुलसी राम, आनंद कुमार साहू, आशुतोष कुमार राम, किशोर साहू, धीरज राम, अनूप राम, लाल अनूप, रूपेश साहू, राजेश साहू सहित गांव के प्रबुद्ध जन एवं श्रद्धालु मौजूद थे। कार्यक्रम की सफलता में आराध्य छठ पूजा समिति मसमानो के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





# कुडू फिर 'आवारा आतंक' के साये में एक पखवारे में 36 लोगों को काटा

### बच्चे, महिलाएं सहित बुजुर्ग भी बने शिकार, दो गंभीर हालत में रांची किए गए रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है। आवारा कुत्तों ने तीन दर्जन से अधिक लोगों को काट कर अस्पताल पहुंचा दिया है। सिर्फ नवंबर माह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू डॉग बाइट के बाद पहुंचने वाले मरीजों की संख्या कुत्तों के आतंक को बयान करने के लिए काफी हैं। जहां मात्र 20 दिन में 40 लोग पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक अभी कितने और लोग हैं जो कुत्ते के हमले से जख्मी हुए हैं उनका निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा है। कुत्तों के अचानक आक्रमक हो जाने से प्रखंड क्षेत्र के लोग परेशान हैं। लोगों को घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। इन दिनों शहरी व ग्रामीण इलाकों में आवारा कुत्तों ने ऐसा आतंक मचा रखा है कि हर गली, हर मोड़ पर दिन रात कुत्तों के झुंड दिखते हैं। कुत्ते जहां बच्चों और बुजुर्गों पर तेजी से झपटते हैं, वहीं बाइक और कार सवारों को भी दूर तक दौड़ाते हैं। लोग इनकी चपेट में आए या इनसे डर कर भागने के क्रम में चोटिल हो जाते हैं।



#### बीस दिन में इन्हें कुत्तों ने पहुंचाया अस्पताल

बीती 1 नवंबर से 20 नवंबर तक कुत्तों ने एतवा मुंडा गनियारी, कविता कुमारी गोली, संपति उरांव कुंदों, नीरज कुमार कुडू, यूसुफ मुंडा बरवा टोली, गोवर्धन मुंडा गोली, प्रसाद पासवान,जामुन टोली, सुदामा यादव, जितेंद्र कुमार प्रसाद कुडू मस्जिद मोड़, खुशी कुमारी विश्रामगढ़, जयसिंह उरांव हनहट, सदनी भगत इटरा, हरक राम ब्लॉक मोड़, सीताराम प्रसाद कुडू, सदी कुमारी मकान्दू, गुड्डू पासवान हाता टोली, आशियाना खातून मकांदू, भरत यादव हेंजला, आरीश नाज चंदलासो, बिनोद राम कुडू, सूरज उरांव टीको बढक टोली, विकास उरांव टीको बड़का टोली, रमेश उरांव कुडू, अमित एक्का हड़गढ़, पूनम लकड़ा दोबा, रफीक खलीफा कुडू, सुप्रिया कुमारी जिमा, कौशल्या देवी टाटी, स्तुति बाड़ा कुंदों, कौशल उरांव कुडू नावाटोली, अंशु उरांव हहत केराटोली, माहिर खलीफा कुडू, ईमान अंसारी ननतिलो को अपना शिकार बनाया है। इसके अलावा गोली निवासी तोनिया उरांव उरांव गोपाल महतो बुरी तरह घायल हैं जिन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया है।

#### पर्याप्त एंटी रैबीज वैक्सीन की नहीं हो रही आपूर्ति

समस्या यह भी है प्रत्येक वर्ष जितनी जरूरत होती है उस हिसाब से कुडू में आपूर्ति कम होने के कारण दिक्कतें भी आती हैं। इतनी संख्या में मरीजों के एक साथ अस्पताल पहुंचने के बाद रेबीज कम पड़ जाता है फिर सीएचसी कुडू द्वारा 20 किलोमीटर दूर सदर अस्पताल भेजे जाने की मजबूरी भी सामने आएगी। लिहाजा आम लोग वन विभाग व प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था करने और आवश्यकता के हिसाब से एंटी रैबीज की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। 'आवारा आतंक' से निजात मिलने तक तब तक प्रखंड के लोग दहशत में रहेंगे।

# सेन्हा के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा की उपस्थिति में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया।





उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों के बीच ठंड के प्रकोप से बचने के लिये स्वेटर का वितरण किया जा रहा है। अभिवाहक अपने बच्चों को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजें और केंद्र में मिलने वाले लाभ लें। बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सहयोग करें। साथ ही कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास के लिये केंद्र में पौष्टिक आहार दिया जाता है। दोपहर में भोजन दिया जाता है। बच्चा का समय-समय पर कुपोषण जांच और टीकाकरण किया जाता है। प्रभारी सीडीपीओ सह बीडीओ चोपड़ा ने सेविका, सहियका को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की साफ सफाई पर ध्यान दें और सप्ताह में एक दिन नाखून चेक कर काटने का प्रयास करें। ठंड के दिनों में अभिभावकों से बच्चों के शरीर में नारियल तेल का उपयोग करायें और बच्चों की साफ सफाई के प्रति माता-पिता को भी जागरूक करें। महिला सुपरवाइजर परमुनी देवी ने कहा कि जो बच्चे प्रत्येक दिन विद्यालय आते हैं, उसको दो-दो स्वेटर वितरण करना है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, महिला सुपरवाइजर परमुनी देवी, सेविका शहनाज खातून, सहायिका सायरा खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

# पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा पति ने लगाई मदद की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र के पलमी गांव निवासी अर्जुन उरांव, पिता सुकरा उरांव ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी को लेकर भंडरा थाने में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। पत्नी के बिना बताए घर से चले जाने के बाद उसका पता- नहीं चलने और भरपूर खोजबीन करने के बावजूद उसकी जानकारी नहीं मिलने पर परेशान पति ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई है। प्रखंड मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पलमी के अर्जुन उरांव (35) ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 नवंबर की शाम अर्जुन अपने पत्नी दीपिका तिग्गा के साथ भंडरा आ रहा था। इस बीच उसकी पत्नी मौसी से मिलने की बात कह कर नवडीहा में अपने एक साल की पुत्री के साथ उतर गई। भंडरा में काफी देर इंतजार करने के बाद अर्जुन ने नवडीहा एवं आसपास अपनी पत्नी के संबंध में पूछताछ की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद अर्जुन ने अपने रिश्तेदारों के यहां भी अपनी पत्नी की तलाश की। उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसने पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी पत्नी दीपिका तिग्गा की पता तलाश शुरू कर दी है।



# शहीद जवान के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री बंधू तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

घाघरा प्रखंड सेहल पंचायत के तुरियाडीह निवासी शहीद सीआरपीएफ के जवान संतोष उरांव के परिजनों से पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मंगलवार को मिले। तिर्की शहीद की पत्नी फूल सुंदरी कुमारी उनके दोनों बेटे एवं मां गीता देवी से मिल अब तक प्रशासन एवं सीआरपीएफ से मुहैया कराई गई आर्थिक सहयोग की जानकारी ली। तिर्की ने अब तक मिले आश्वाशन की जानकारी लेते हुए उन्होंने पुनः 15 दिसंबर के आसपास परिजनों से उनके गांव आकर मिलने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि वे शोक संतप्त परिवार के साथ है और आगे पड़ने वाले हर काम मे उनका सहयोग करेंगे। मौके पर उन्होंने गुमला के उपायुक्त से शहीद संतोष का स्टेचयु स्थापित करने एवं उनके छोटे भाई संतराम उरांव को चौकीदार के पद पर नौकरी देने की बात रखी। इसके पूर्व बंधु तिर्की शहीद संतोष के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कृष्ना कुमार लोहरा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय, दिलबहार अंसारी, घुड़ा उरांव सहित अन्य लोगों ने शहीद संतोष को श्रधांजलि दी।



#### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का निधन, शोक जताया

**कैरो।** वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व सढ़ाबे पंचायत अध्यक्ष बुधवा उरांव का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। असामयिक निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी परिवार वालों के साथ हमेशा खड़ी है। मृत्यु की सूचना पाते ही कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, जिला महासचिव सदरुल अंसारी, सेवा दल अध्यक्ष शंभू प्रजापति ग्राम टाटी पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर घर वालों को ढांढस एवं साहस दिया और हमेशा परिवार वालों के साथ सुख दुख में खड़े रहने की बात कही।

**पहल** अबुआ आवास योजना के प्रचार-प्रसार रथ को उप विकास आयुक्त ने दिखायी हरी झंडी

# लोहरदगा जिले में 4 दिसंबर तक घूमेगा जागरूकता रथ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'अबुआ आवास योजना' का आमजनों के बीच प्रचार-प्रसार करने के लिए उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की ओर से तीन जनजागरूकता रथों को सभी प्रखंडों के लिए समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मंगलवार को पहले दिन यह रथ भंडरा, कुडू और सेन्हा प्रखंड के लिए भेजा गया। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में 4 दिसंबर तक घूमेगा। ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु राज्य संपोषित योजना के रूप में 'अबुआ आवास योजना (अआ)' लायी गयी है। 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले पंचायत स्तरीय शिविरों में मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत अबुआ आवास योजना (अआ) के लिए आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जायेंगे, जिनकी ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल में की जानी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर जांच टीम द्वारा प्रखंडों में सत्यापन/सर्वेक्षण/ जांच का कार्य अभियान अवधि में ही करते हुए तदोपरांत प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा में तैयार की जानी है।

आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2 लाख रुपये प्रति ईकाई हैं। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा, जिसमें स्वच्छ रसोईघर भी शामिल हैं। घर के निर्माण के लिए यूनिट सहायता राशि के अलावा मनरेगा के तहत अधिकतम 95 मानव दिवस, केंद्र तथा राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ अभिसरण के माध्यम से दिया जाएगा। योजनाओं का क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण और निगरानी ई-गवर्नेंस के माध्यम से की जाएगी। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक केके गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।



# सेन्हा में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति चोटिल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा मेन चौक में गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर गुमला से लोहरदगा आ रही शालू बस का पिछला चक्का एक्सल टूटने से विपरीत दिशा से अरु जा रही मोटरसाइकिल में जा टकराया, जिससे मोटरसाइकिल सवार महिला व पुरुष को हल्की चोटें आई हैं। फिलहाल ग्रामीणों ने ज्यादा चोट आने का संभावना जताते हुए सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा जांचोपरांत स्थिति ठीक बताते हुए कहा कि गिरने से कमर व पीठ में चोट आई है जिसके कारण अभी दर्द है। बताया जाता है कि घायल बाइक सवार युवक अरु निवासी साकिर अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र एतामूल अंसारी अपनी 20 वर्षीय पत्नी रहिमन बीबी के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान सेन्हा दुर्गा मंदिर के समीप यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अविनाव कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए बस को सड़क से हटाने में जुट गए।



जीवन में 'तकलीफ' उसी को आती है, जो हमेशा 'जिम्मेदारी' उठाने को तैयार रहते हैं, और जिम्मेदारी लेने वाले कभी हारते नहीं, या तो जीतते है या फिर कुछ नया 'सिखते' है।
– अज्ञात



# गुनहगार को सजा मिले..

**साल** 1999 में प्रख्यात लेखिका महाश्वेता देवी पलामू आयी थी। उन्होंने पलामू को समीप से देखा। उनकी पुस्तकों में आदिवासी जीवन शैली की प्रधानता देखने को मिलती है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि आदिवासी समाज से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। इनके संरक्षण में समाज के साथ प्रकृति भी सुरक्षित है। दुखद पहलू यह कि यह समाज आज भी उपेक्षा की जिन्दगी बसर करने को मजबूर है। साथ ही इस समाज के साथ अत्याचार और अनाचार की घटनायें बदस्तूर जारी है। अभी दो दिन पहले झारखंड के चंदवा में एक किशोरी की हत्या गैंगरेप के बाद कर दी गई। चार माह पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है। यह सब सुनकर किसी का भी मन दुखी हो जाता है कि आज का आदमी कितना बर्बर और क्रूर हो चुका है। आठवीं कक्षा की छात्रा छठ घाट घुमने आयी थी। उस मासूम को यह नहीं पता था कि मौत उसका इंतजार कर रही है। बताया जाता है कि उसकी हत्या लव जेहाद के कारण हुई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में उबाल है। थाने का घेराव किया गया। बाद में सब कुछ शांत है। ऐसे में सवाल उठता है कि आदिवासी समाज में किसी लड़की का पैदा होना गुनाह है क्या? हालांकि ऐसी भी बात नहीं है कि इस तरह की घटना आदिवासी समाज के साथ घटती है। लेकिन देखा जाये तो ज्यादा घटनायें इसी समाज के साथ घटती है। आखिर इसके क्या कारण है। आदिवासी समाज एक ऐसा समाज है जिसने भारत की मूल सनातन पहचान की रक्षा के लिए,प्रकृति के प्रति आस्था रखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वस्व न्यौछावर करके अपना अहम योगदान दिया है। बहरहाल यह देखा जाता है कि बड़ी संख्या में राज्य की आदिवासी बच्चियां काम करने के लिए जाती हैं बाहर,दलालों के चंगुल में कई बार शोषण का शिकार हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार ने घरेलू सहायिका का काम करने के लिए बाहर जाने वाली बच्चियों की सुरक्षा को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। यह कदम स्वागत योग्य है। इन बच्चियों की सुरक्षा के लिए एक एप के माध्यम से एक रिकार्ड रखने की योजना बनायी है। ताकि मुसीबत के वक्त उसकी सहायता की जा सके। इसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर विकसित किये जा रहे इस एप के जरिये इन बच्चियों की पहचान की जायेगी। उनके पुनर्वास की व्यवस्था करने की योजना है। सूचना,तकनीक विभाग इस एप को डेवलप कर रहा है। अभी तक महिला हेल्पलाइन 181 के जरिये इन बच्चियों की मदद की जा रही थी। नया एप विकसित हो जाने के बाद एक अतिरिक्त सुविधा इन बच्चियों को मिलने से उन्हें मदद मिलने की संभावना है। पलायन प्रभावित जिलों में सरकार स्पेशल ड्राइव के जरिये ऐसे दलालों की पहचान और आपराधिक कृत्य को रोकने के लिए काम कर रही है। इस अभियान को तेजी से चलाने की आवश्यकता है। साथ ही आदिवासी बच्ची को सुरक्षा देने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आने की जरूरत है। ऐसी घटनायें किसी भी सभ्य समाज में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। आपराधिक कृत्य करने वाला कितना भी शक्तिशाली हो,उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

**दुखद पहलू यह कि यह समाज आज भी उपेक्षा की जिन्दगी बसर करने को मजबूर है। साथ ही इस समाज के साथ अत्याचार और अनाचार की घटनायें बदस्तूर जारी है। अभी दो दिन पहले झारखंड के चंदवा में एक किशोरी की हत्या गैंगरेप के बाद कर दी गई। चार माह पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है।**

# राजस्थान विधान सभा चुनाव में लड़खड़ाता तीसरा मोर्चा





रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। मतदान 25 नवम्बर को है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता व स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व बड़े नेता लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। जहां कांग्रेस व भाजपा पूरे जोशखरोश के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, तीसरी ताकत बनकर चुनाव परिणाम बदलने का दावा करने वाले तीसरे मोर्चे के दलों की स्थिति कमजोर लग रही है। विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं। तीसरे मोर्चे में शामिल बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एमआईएमआईएम, वामपंथी दल, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, भारतीय ट्राइबल पार्टी व भारत आदिवासी पार्टी ने चुनाव से पूर्व अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ने के बड़े-बड़े दावे किये थे। मगर चुनावी मैदान में इनमें से कोई भी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतर पाई है। पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है। वही तिजारा से पार्टी ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया था। जिसने अंतिम समय में कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गये। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा पार्टी की जीत के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं मगर कैसे जीतेंगे इस बात का उनके पास कोई जवाब नहीं है। बसपा सुप्रीमो मायावती भी चुनावी प्रचार में उतर चुकी है। उन्होंने पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर, झुंझुनू जिलों की कई विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी की है। बसपा के सामने सबसे बड़ा संकट पार्टी कि साख को लेकर है। बसपा से 2008 व 2018 में 6-6 विधायक चुने गये थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को धत्ता बता दिया था। इसलिए लोगों का मानना है कि यदि बसपा के प्रत्याशियों को जीता भी दिया तो वह पार्टी में रहेंगे इस बात की क्या गारंटी है। पिछली बार के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को 6 सीट व 4.03 प्रतिशत मत मिले थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जहां पिछली बार 142 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं, इस बार सिर्फ 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव से पहले तो अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राजस्थान में कई बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया था। मगर चुनावी अभियान के दौरान दोनों ही नेता अभी तक राजस्थान नहीं आये हैं। पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। आप को को सिर्फ 68051 वोट मिले थे। नागौर सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे कर रहे थे। मगर चुनाव में उन्होंने सिर्फ 78 सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे है और उत्तर प्रदेश की आजाद समाज पार्टी कांशीराम के साथ गठबंधन किया है। जिसके अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण स्वयं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सीट से चुनाव में बुरी तरह हार चुके हैं। उन्हे मात्र 7640 वोट ही मिले थे। हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई बड़े नेताओं के सामने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। यहां तक कि पिछले साल सरदार शहर उपचुनाव में 46000 वोट लेने के उपरांत भी उन्होंने वहां से अपने प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म वापस करवा दिया। पिछले विधानसभा चुनाव में बेनीवाल की पार्टी से 58 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें तीन जीतने में सफल रहे थे वहीं 48 उम्मीदवारों की जमानत जप्त हो गई थी। बेनीवाल की पार्टी को 856038 यानी 2.40 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार बेनीवाल सांसद रहते स्वयं खीवसर से अपने भाई नारायण बेनीवाल के स्थान पर चुनाव लड़ रहे हैं। आदिवासी बेल्ट में पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी नामक नई पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़कर दो सीट जीती थी। उनके आठ प्रत्याशियों के जमानत जब्त हो गई थी। तब पार्टी ने 255100 यानी 0.72 प्रतिशत मत प्राप्त किये थे। इस बार भारतीय ट्राइबल पार्टी का विभाजन हो गया और इससे टूटकर बनी भारत आदिवासी पार्टी ने 27 व भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 17 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएमआईएम पार्टी के सिर्फ दस प्रत्याशी ही खड़े हुए हैं। जबकि चुनाव से पहले ओवैसी 40 से 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे। चर्चा है कि ओवैसी को 10 सीटों पर भी मुश्किल से ही प्रत्याशी मिल पाये हैं। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दांतारामगढ़ सीट पर कांग्रेस के मौजूदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के सामने उनकी पत्नी रीटा चौधरी जननायक जनता पार्टी से खड़ी होकर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। राजस्थान में वामपंथी दलों की स्थिति भी कोई ज्यादा अच्छी नहीं है। पिछली बार दो सीटों पर जीतने वाली माकपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में माकपा ने 28 व भाकपा ने 16 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। जिनमें माकपा के दो प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल रहे थे। मगर इस बार माकपा व भाकपा के प्रत्याशियों की स्थिति ज्यादा सुदृढ़ नजर नहीं आ रही है। राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा के अलावा अन्य सभी दलों के नेता अपने आप को तीसरा मोर्चा कलवाना पसंद करते हैं। हालांकि तीसरा मोर्चा के दलों में भी आपस में सामंजस्य नहीं है। वे एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव से पहले यह प्रदेश में सत्ता बनाने के बड़े-बड़े दावे करते रहे हैं। चुनावी मैदान में उनकी स्थिति को देखकर उस लंगड़े घोड़े की याद आती है जो रेस में तो शामिल हो जाता है मगर कभी जीत नहीं पता है।

**विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी*

**भारद्वाज** ऋषि राजा भरत के कुल पुरोहित थे दुष्यंत पुत्र राजा भरत ने अपना राजपाट इन्हीं भारद्वाज को सौंपा तथा खुद जंगल में जाकर रहने लगे।

**भारद्वाज ऋषि का जन्म**

भारद्वाज बृहस्पति और ममता के पुत्र थे लेकिन कालांतर में यह राजा भरत के दत्तक पुत्र हुए थे। इसके बाद कश्यप और अदिति के पुत्रों ने इनका पालन-पोषण किया था। जब भरत का वंश खत्म होने लगा तब उन्हें दत्तक रूप में प्रदान किया। शास्त्रों में भी इसका वर्णन है कहते हैं, जब सम्राट भरत का वंश खत्म होने लगा तब उन्होंने संतान पाने के लिए मरुथम नामक यज्ञ किया इससे मरुद गणों ने प्रसन्न होकर भरत को भारद्वाज नाम का पुत्र दिया था। इनके पिता बृहस्पति और माता का नाम ममता था लेकिन पैदा होते ही माता-पिता में इस बात को लेकर विवाद हो गया कि इनका पालन-पोषण कौन करें। दोनों ने एक दूसरे से कहा था तुम इसे संभालो उसी समय से इनका नाम भारद्वाज पड़ा था इसके बाद इन्होंने अपनी तपस्या के बलबूते पर इस नाम को अमर कर दिया।

**तीन जन्मों का वरदान**

राज ऋषि ने अपनी तपस्या से इंद्र देव को प्रसन्न कर उनसे 100 -100 वर्षों के तीन जन्मों का वरदान मांगा था। दरअसल भारद्वाज वेदों का अध्ययन करना चाहते थे पर समय की कमी के कारण ना हो सका। भारद्वाज ऋषि 3 जन्मों के बाद भी वेदों का पूरी तरह से ज्ञान प्राप्त नहीं कर सके। इसके बाद इन्होंने इंद्रदेव से चौथा जन्म मांगा तो उन्होंने इन्हें एक उपाय बताया और कहा कि तुम 'सबित्र अग्नि जयन' यज्ञ करो। इन्होंने ऐसा ही किया और तब जाकर इनकी जिज्ञासा पूर्ण हुई थी

(क्रमशः)

# डीपफेक सबसे बड़े खतरों में से एक



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर आधुनिक प्रौद्योगिकी आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग और डिजिटाइजेशन की पैर पसारती प्रगति ने जहां एक और अति सुख सुविधा समृद्धि उपलब्ध कराई है तो दूसरी ओर इसके अनेकों निष्ठुर, दुराचारी, आर्थिक कमरतोड़ और समाज जाति में बढ़ती अश्लीलता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बीते कुछ समय से डीपफेक मामलों के बढ़ते दुरुपयोग की गति से भारत सहित पूरी दुनियां चिंताजनक है। इसके बढ़ते दुरुपयोग से माननीय प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय आईटी मंत्री ने संज्ञान लिया है। इसका दुरुपयोग करने वाले को आईपीसी अधिनियम के अंतर्गत सटीक कार्यवाही और जुर्मानेट की बात कही गई है। चूंकि इस कृत्य से समाज में दूषित वातावरण पनपता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम डीपफेक को समझने की करें तो किसी रियल वीडियो में दूसरे के चेहरे को फिट कर देने को डीपफेक नाम दिया गया है, जिसे हम लोग यकीन मान लें। डीपफेक से वीडियो और फोटो को बनाया जाता है। इसमें मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाता है। इसमें वीडियो और ऑडियो को टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर की मदद बनाया जाता है। इसी डीपफेक से वीडियो बनाया जाता है। साधारण शब्दों में समझें, तो इस टेक्नोलॉजी कोडर और डिकोडर टेक्नोलॉजी की मदद ली जाती है। डिकोडर सबसे पहले किसी इंसान के चेहरे को हावभाव और बनावट की गहन जांच करता है। इसके बाद किसी फर्जी फेस पर इसे लगाया जाता है, जिससे हुबहू फर्जी वीडियो और फोटो को बनाया जा सकता है। हालांकि इसे बनाने में काफी टेक्नोलॉजी की जरूरत होती है, ऐसे में आम लोग डीपफेक वीडियो नहीं बना सकते हैं। लेकिन इन दिनों डीपफेक बनाने से जुड़े ऐप मार्केट में मौजूद हैं, जिनकी मदद से आसानी से डीफफेक वीडियो को बनाया जा सकता है। बहुत ही आसान भाषा में कहें तो डीपफेक एक एडिटेड वीडियो होता है जिसमें किसी अन्य के चेहरे को किसी अन्य के चेहरे से बदल दिया जाता है। डीपफेक वीडियोज इतने सटीक होते हैं कि हम इन्हें आसानी से पहचान नहीं सकते। ताजा उदाहरण के लिए हम रश्मि का मंदाना के वीडियो को देख सकते हैं। यदि जारा पटेल का असली वीडियो सामने नहीं आता तो कोई भी यकीन कर लेता है कि यह वीडियो रश्मिका का ही है। किसी भी इंसान का डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। साथियों बात अगर हम डीपफेक वीडियो बनाने की सजा की करें तो, यदि हम मजाक में किसी का डीपफेक वीडियोज बनाते हैं और शेयर करते हैं तो हमारे खिलाफ आईपीसी की धारा के तहत कार्रवाई हो सकती है। भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा यदि किसी की छवि खराब होती है तो आपके खिलाफ मानहानी का भी मामला बनेगा। इस मामले में सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ भी आईटी नियमों के तहत कार्रवाई हो सकती है। शिकायत के बाद 36 घंटे के अंदर सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म से इस तरह के कंटेंट को हटाना होगा। सरकार भी डीपफेक को लेकर सतर्क है। सरकार की तरफ से सोशल मीडियाप्लेटफॉर्म से डीपफेक से जुड़े फोटो और वीडियो को हटाने का निर्देश दिया है। सरकार के निर्देश के मुताबिक सभी प्लेटपऑर्म से 36 घंटों में डीपफेक से जुड़े फोटो और वीडियो को हटाने का निर्देश दिया गया है। डीपफेक वीडियो को फेशियल एक्सप्रेशन से पहचाना जा सकता है। फोटो और वीडियो के आईब्रो, लिप्स को देखकर और उसके मूवमेंट से भी पहचान की जा सकती है। साथियों बात कर हम डीपफेक के संबंध में माननीय पीएम के विचारों की करें तो, उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल 'डीप फेक' बनाने के लिए किया जाना चिंताजनक है। साथ ही उन्होंने मीडिया से इसके दुरुपयोग और प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया था।


**बीते कुछ समय से डीपफेक मामलों के बढ़ते दुरुपयोग की गति से भारत सहित पूरी दुनियां चिंताजनक है। इसके बढ़ते दुरुपयोग से माननीय प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय आईटी मंत्री ने संज्ञान लिया है।**

सावधानी

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# इजरायल-हमास टकराव में युद्ध का मैदान बनता अस्पताल



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**मानव** इतिहास में शायद यह पहला उदाहरण होगा जब हॉस्पिटल युद्ध का मैदान बना हो। इजरायल-हमास युद्ध में यही हो रहा है। आज गाजा पट्टी का अल-शिफा हॉस्पिटल रणक्षेत्र बन गया है। इसके लिए अकेले इजरायल को दोष देना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है, वहीं हॉस्पिटल को युद्ध का मैदान बनाना भी किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता। जो परिस्थितियां सामने आ रही हैं उसने हालात ही ऐसे बना दिये हैं। इजरायल दावा कर रहा है कि अस्पताल परिसर में आतंकवादी गतिविधियों के बुनियादी ढांचे के संकेत मिले हैं। इजरायल का दावा है कि अस्पताल के नीचे हमास का मुख्यालय और कमांड सेंटर है और यहां से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन हो रहा है। वहां से भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा भी मिला है। दूसरी ओर निर्दोष नागरिक जान गंवा रहे हैं। इजरायल के सामने दोहरा संकट है। एक और तो निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश दो खेमों में बट चुके हैं। एक तरफ हॉस्पिटल क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई के लिए इजरायल को दोषी ठहराया जा रहा है तो दूसरी तरफ हमास की आतंकवादी गतिविधियों को दोषी ठहराया जा रहा है। दरअसल 7 अक्टूबर को हमास ने जिस तरह से इजरायल पर मात्र 20 मिनट में पांच हजार से ज्यादा राकेट दाग कर इजरायल सहित सारी दुनिया को सकते में ला दिया था। जिस तरह से हमास का हमला हुआ उससे इजरायल ही नहीं अपितु सारी दुनिया सकते में आ गई। इसका कारण भी है। इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र, प्रतिरक्षा, और सैन्य व्यवस्था की सारी दुनिया लोहा मानती रही है। हमास द्वारा अचानक एक साथ पांच हजार राकेट दागना और उसके बाद लगातार एक दूसरे में युद्ध जारी रहना इजरायल के सामने बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हालात है। इजरायल सीधे-सीधे इसे अपनी तौहीन समझ रहा है तो उसकी प्रतिष्ठा पर दुनिया के देशों के सामने आंच आई है। जानकारों की मानें तो हमास के इस हमले में ईरान का हाथ है। ईरान नहीं चाहता कि इजरायल और सउदी अरब के बीच आपसी सुलह हो जबकि अमेरिका दोनों देशों के बीच सुलह या यों कहें कि सहमति करवाना चाहता है। एक तरह से ईरान अमेरिकी प्रयासों को विफल करने में जुटा है। दरअसल हमास फिलिस्तीनी राजनीतिक व सैन्य संगठन है। यह भी कहा जा सकता है कि यह फिलिस्तीन का चरमपंथी सैन्य संगठन है। 1987 के बाद यह संगठन अस्तित्व में आया है और यह अपने आप में एक शक्तिशाली चरमपंथी संगठन के रूप में विकसित हो चुका है। गाजा पट्टी जानकारों की मानें तो इस क्षेत्र में हमास ने सुरंगों का जाल बिछा रखा है। कौन-सा मेन होल या दरवाजा किस सुरंग का रास्ता है यह पता करना आसान नहीं है। वहीं सुरंगों का यह जाल पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है। अनजाने में यहां प्रवेश करना घातक इस मायने में है कि कब कहां विस्फोट हो जाए अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। जानकारों की मानें तो गाजापट्टी क्षेत्र में चारों तरफ सुरंगों का नेटवर्क फैला हुआ है और यहां से चरमपंथी गतिविधियों के साथ ही रणनीति तैयार करने से लेकर उसे अंजाम देने का नेटवर्क संचालित हो रहा है। माना जा रहा था कि इजरायल के आगे हमास अधिक दिनों तक संघर्ष नहीं कर पायेगा पर इसके उलट लगभग 40 दिन से अधिक होने के बाद भी जंग कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हमास की ताकत को भी कमतर आंकने की गलती इस मायने में नहीं की जा सकती कि 40 दिनों से संघर्ष करते हुए अभी पीछे हटने को तैयार नहीं है तो दूसरी और इजरायल ने भी अब हमास को पूरी तरह तहस नहस करने का मन बना लिया है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही हो रही है। 40 दिनों में दोनों तरफ से 13 हजार से अधिक लोगों के मरने के समाचार है।

**इजरायल के सामने दोहरा संकट है। एक और तो निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश दो खेमों में बट चुके हैं।**

युद्ध

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर



न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। ऐसे में आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर चमका सकते हैं। किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

**क्या हैं फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स :** यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरूक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है।

**कोर्स :** इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में इरू और टरू कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

**इन फील्ड में कर सकते हैं काम :** इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

**कितनी मिलेगी सैलरी :** इस फील्ड में सैलरी अनुभव और पद के अनुसार मिलती है। ऐसे बताया जाए तो गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन में आपको 2.50 से 3.50 लाख रुपये तक आप कमा सकते हैं। वहीं प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन में साल के 3 से 5 लाख रुपये तक कमा सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ ही आपकी सैलरी 8 लाख रुपए तक पहुंच सकती है।

# जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट का 7 जनवरी को होगा एग्जाम



एक्सैट 2024 परीक्षा के लिए जो भी युवा आवेदन करना चाहते हैं, वह 30 नवंबर 2023 तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए आपको जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट xatonline.in. पर जाना होगा। जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में जो भी युवा एमबीए कोर्स में एडमिशन लेने के लिए इस परीक्षा का फॉर्म भरना चाहते हों, वह इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर आवेदन कर सकते हैं। इस एग्जाम के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए आपको जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट xaton-line.in. पर जाना होगा।

**फीस :** XAT 2024 के लिए आवेदन करने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 2100 रुपए है। जो भी युवा एक्सएलआरआई के प्रोग्राम में एडमिशन लेने में इंट्रेस्टेड हैं, तो उनको 200 रुपए एडिशनल फीस देनी होगी। वहीं जीमैट/जीआरई परीक्षा के जरिए PGDM (जीएम) कोर्स में एडमिशन लेने वाले एप्लीकेंट्स को 2500 रुपए फीस देनी होगी। इसके अलावा NRI/फॉरेन कैंडिडेट्स के लिए जीमैट की एप्लीकेशन फीस 5000 रुपये देने होंगे।

**इस डेट में होगा एग्जाम :** XAT 2024 एग्जाम का आयोजन 07 जनवरी 2024 को किया जाएगा। इस दिन दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

**क्या है लास्ट डेट :** एक्सैट 2024 परीक्षा के लिए जो भी युवा आवेदन करना चाहते हैं, वह 30 नवंबर 2023 तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। वहीं एक्सएलआरआई के प्रोग्राम में एडमिशन के लिए जीमैट/जीआरई के जरिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2023 है। आवेदन करने वाले छात्रों के पास बैचलर्स की डिग्री होना जरूरी है। वहीं आयु कम से कम 21 साल होनी चाहिए।

## ऐसे करें तैयारी

**एग्जाम पैटर्न और सिलेबस :** बता दें कि हर एग्जाम का एक अलग सिलेबस और अलग पैटर्न होता है। इसी के आधार पर एग्जाम की तैयारी की जाती है। वहीं टॉपिक्स की तैयारी सिलेबस के आधार पर की जाती है। सिलेबस से बाहर के टॉपिक्स को पढ़ना समय की बबार्दी करना है। इसलिए सबसे पहले सिलेबस और एग्जाम के पैटर्न को अच्छे से समझें और फिर तैयारी करना शुरू करें।

**मॉक टेस्ट :** आपको ऑनलाइन आसानी से एक्सैट एग्जाम का मॉक टेस्ट मिल जाएगा। कई वेबसाइट्स पर इस परीक्षा का मॉक टेस्ट फ्री में भी उपलब्ध है। मॉक टेस्ट के जरिए प्रैक्टिस करने से आप अच्छी तरह से तैयारी कर पाएंगे। इससे आपको कॉन्फिडेंस मिलेगा।

**डिसीजन मेकिंग सेक्शन :** डिसीजन मेकिंग सेक्शन एक ऐसा सेक्शन है, जहां पर आप अच्छे अंक पा सकते हैं। क्योंकि यह सेक्शन पूरी तरह से आपकी सोच-समझ पर निर्भर करता है। इस सेक्शन को तैयार करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके पुराने सवालों को हल करें।

# दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए फॉलो करें ये स्टेप



विदेश में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले छात्रों के मन में सैकड़ों सवाल रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको विदेश के कुछ टॉप कॉलेजों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि विदेश में पढ़ाई के लिए आप किस तरह से एडमिशन ले सकते हैं। विदेश में पढ़ाई करने के ख्याल से छात्रों का मन रोमांच से भर जाता है। लेकिन इसके अगले पल ही विदेश में पढ़ाई के लिए आने वाली चुनौतियां और मुश्किलें सोचकर ही पसीना आने लगता है। विदेश में पढ़ाई के लिए कैसे अप्लाई किया जाए, किस कॉलेज में एडमिशन लें, किस कोर्स में एडमिशन लें और फीस कितनी होगी। विदेश में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले छात्रों के मन में ऐसे सैकड़ों सवाल रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए विदेश के कुछ टॉप कॉलेजों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि विदेश में पढ़ाई के लिए आप किस तरह से एडमिशन ले सकते हैं।

## कोर्स और यूनिवर्सिटी

अगर आपका भी विदेश में पढ़ाई का सपना है, तो सबसे पहले कोर्स तय करें। कई ऐसे कोर्स होते हैं, जिनकी काफी ज्यादा डिमांड होती है। यह कोर्स करने से आप अपने कॅरियर को नई ग्रोथ दे सकते हैं। ऐसे में इन कोर्सेज को करने से आपको फौरन नौकरी मिल सकती है। इन सारी बातों का ख्याल करते हुए एक कोर्स सेलेक्ट कर लें। कोर्स तय करने के बाद अच्छी सी यूनिवर्सिटी देख लें। जैसे कौन सी यूनिवर्सिटी अच्छी है और किस देश में स्कॉलरशिप मिल सकती है। उस यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट रिकॉर्ड कैसा है। इन सभी चीजों के बारे में अच्छे से जानकारी हासिल कर लें।

## पढ़ाई का खर्च कैलकुलेट करें

आमतौर पर विदेश में पढ़ाई करना काफी ज्यादा महंगा होता है। इसलिए आप किसी भी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने से पहले एक बजट बनाएं। इसके बाद देखें कि आप यूनिवर्सिटी के प्रोग्राम की फीस और वहां पर रखने आदि का खर्चा फिट बैठ रहा है या नहीं। साथ ही यह भी चेक कर लें कि कितना स्टूडेंट लोन मिल पाएगा। बता दें कि कई विदेशी यूनिवर्सिटीज 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप देती हैं।

## पार्ट टाइम जॉब का स्कोप

विदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेते समय यह देखना ना भूलें कि विदेश में पढ़ाई के साथ ही आप कितने घंटे पार्ट टाइम में काम कर सकते हैं। क्योंकि कई छात्र पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम जॉब भी करते हैं और अपना खर्च निकाल सकते हैं। इसलिए ऐसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लें, जहां पर काम करने की छूट मिलती है।

## डॉक्यूमेंट्स इकट्ठा करें

जब आपने कोर्स और यूनिवर्सिटी सेलेक्ट कर ली। पढ़ाई का खर्चा भी कैलकुलेट कर लिया तो अब आप अपने डॉक्यूमेंट्स एकत्र कर लें। डॉक्यूमेंट्स में आप अपना पासपोर्ट, आईडी, मोटिवेशन लेटर, एग्जाम स्कोर कार्ड, रिकमेंडेशन लेटर और स्टूडेंट वीजा आदि एकत्र कर लें। विदेश में पढ़ने की चाह रखने वाले छात्रों को एडमिशन से करीब 10-12 महीने पहले यूनिवर्सिटी और कोर्स फाइनल कर लेना चाहिए। इस दौरान अपना सीवी, बायोडाटा, एसओपी और रिकमेंडेशन लेटर आदि तैयार कर लें।

## एंट्रेंस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन

अगर आपके द्वारा सेलेक्ट किए गए कोर्सेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम होता है, तो उसके लिए अप्लाई कर दें। विदेश में पढ़ाई करने के लिए SAT, GMAT, GRE जैसे कई एप्टीट्यूड टेस्ट के अलावा लैंग्वेज प्रोफिसिएंसी के लिए भी IELTS, TOEFL, PTE जैसी परीक्षाएं पास करनी होती हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

### टॉप कॉलेज लिस्ट

- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज
- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
- शिकागो यूनिवर्सिटी

# आत्माराम का भूत



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', मो. नं. 73 8657 8657 (जवाहरलाल नेहरु बाल साहित्य अकादमी, राजस्थान सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

हैदराबाद के हलचल भरे शहर में वह एक अंधेरी, नीरस शाम थी। सड़कें दैनिक जीवन की हलचल से भरी हुई थीं क्योंकि लोग अपनी स्वार्थी इच्छाओं से ग्रस्त होकर इधर-उधर भाग रहे थे। एक समय जीवंत शहर मानवीय मूल्यों के पतन का प्रजनन स्थल सा लगता है, जहां लालच और महत्वाकांक्षा का बोलबाला चरम पर होता है। शहर के मध्य में, धनी और प्रभावशाली आत्माराम साहब का एक बड़ा बंगला था। वह बहुत धनवान और शक्तिशाली व्यक्ति था, लेकिन उसका दिल शहर की सड़कों पर चलने वाली सर्दियों की हवा की तरह सर्द और संवेदनाहीन था। उसने संदिग्ध व्यापारिक लेनदारियों और परिचितों को लूट पाटकर अपनी तिजोरी में पैसे के नाम पर लोगों की बद्दुआएं अर्जित की थी। यही कारण था कि अपने से कम भाग्यशाली लोगों के प्रति उसका तिरस्कार पूरे शहर में चर्चा का विषय था।

एक अशुभ घड़ी में, जब आत्माराम अपने मंद रोशनी वाले अध्ययन कक्ष में अकेले बैठे अपने गोरख धंधों से कमाई नोटों की गड्डियों की गिनती कर रहे था। तभी उसके पुराने व्यापारिक मित्र धनीराम उससे मिलने आया। धनीराम एक मनहूस और पीड़ित किस्म का व्यक्ति था, जो जीवन में अपने लालच और स्वार्थ की सजा के रूप में अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने के लिए अभिशप्त था। आत्माराम को देखते हुए धनीराम ने कराहते हुए कहा, 'मैं आपको उस चेष्टा के बारे में चेतावनी देने आया हूं जो नैतिक पतन के इस रास्ते पर जारी रहने पर आपका इंतजार कर रहा है। धन और शक्ति के लिए आपकी अतृप्त भूख ने आपको अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा के प्रति अंधा कर दिया है, और यदि आप अपने तरीके नहीं बदलेंगे, तो आपको इसका भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।' आत्माराम ने धनीराम की चेतावनी का उपहास उड़ाया, और इसे अपने ही दोषी विवेक द्वारा लाया गया मात्र मतिभ्रम कहकर खारिज कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे रात बीतती गई, उसके पास अलौकिक भूतों की एक श्रृंखला आई, जिन्होंने उसे उनके तरीकों की त्रुटि और उनके कार्यों के परिणाम दिखाए। पहला भूत अहंकार, आत्माराम को उसके अपने इतिहास की यात्रा पर ले गया, और उसे अपने जीवन के उन क्षणों को दिखाया जहां एक बार उसके पास एक दयालु और उदार भावना थी। लेकिन जैसे-जैसे साल बीतते गए, उसका दिल कठोर होता गया और लोभ से भस्म हो गया, जिससे उसके जीवन से सभी खुशी और करुणा दूर हो गई। दूसरे भूत क्रूरता ने आत्माराम को उन लोगों की पीड़ा दिखाई, जिनका उसने अपने लाभ के लिए बेरहमी से शोषण किया था। उसने परिवारों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते देखा, बच्चों को खतरनाक कारखानों में काम करने के लिए मजबूर किया, और बुजुर्गों को एक ऐसी दुनिया में खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया जिसने उससे मुंह मोड़ लिया था। अंतिम और तीसरा भूत लूटमपाट आत्माराम को एक गंभीर और उजाड़ भविष्य में ले गया, जहाँ उसने अपने लालच और क्रूरता का विनाशकारी प्रभाव देखा। उसने अपनी समाधि का पत्थर देखा, जिसे उपेक्षित और भुला दिया गया था, जो उन लोगों के तिरस्कार से घिरा हुआ था जिनके साथ उसने जीवन में अन्याय किया था। अफसोस और निराशा से अभिभूत होकर आत्माराम ने अपने तरीके बदलने और अपने द्वारा उत्पन्न दर्द और पीड़ा के लिए संशोधन करने की कसम खाई। उसने अपना दिल और अपनी तिजोरी जरूरतमंदों के लिए खोल दिए, वह जहां भी गया खुशी फैलाने लगा। उसका परिवर्तन किसी चमत्कार से कम नहीं था, और शहर के लोग उसकी नई उदारता और करुणा से प्रभावित हुए। जैसे-जैसे साल बीतते गए, शहर की सड़कें एक बार फिर सद्भावना और भाईचारे की भावना से भर गईं, क्योंकि जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग छुट्टियों के मौसम की खुशी का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। आत्माराम मुक्ति और आशा का प्रतीक बन गया। इतना ही नहीं सबसे गहरे मानवीय आवेगों पर भी काबू पाने के लिए प्रेम और दया की शक्ति का प्रमाण बन गया। और इस प्रकार, शहर मे नष्ट हो रहे मानवीय मूल्यों को बहाल किया गया। शहर लालच और स्वार्थ पर मानवीय भावना की विजय का एक चमकदार उदाहरण बन गया। और जहां तक आत्माराम की बात है, उसे एक कंजूस बूढ़े व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि उस दुनिया में प्रकाश की किरण के रूप में याद किया जाने लगा जो कभी अंधकार से घिरी हुई थी।

## सूडोकु नवताल- 6891

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6890 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**22 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**बुधवार** 2023 वर्ष का 326 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 23.05 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 18.37 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 14.46 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 12.07 बजे तदनन्तर गर 23.05 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 01'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871805
**जूलियन दिन** 2460270.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उलावल **तारीख** 07
**विशेष** कंश वध, वीर दुगार्दास राठौर पुण्यतिथि।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 08.14 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मकर | 10.19 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 12.06 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.38 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 15.09 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | वृष | 16.49 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.47 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 21.00 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 23.17 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 01.29 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | तुला | 03.39 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.54 ब.से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7953



**बाएँ से दाएँ**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान,नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट,मायानगरी-3,2
15. सूर्य,भास्कर-2
16. उपनदी,कैनाल-3
18. व्यंग,परिहास-3
19. कौर,ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल,असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा,रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर,नशा,गरूर-2
3. चिंतन,विचारना-3
4. परजन भावना,गैरपन-5
5. भिड़ना,मुठभेड़-4
7. रेखा,लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा,हद,बॉर्डर-4
14. शाखा,डाली-3
17. रिवाज,परंपरा-4
18. पाबंदी,रोक-3
21. स्वच्छ-2

### शब्द पहेली -7952 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | | क | र | त | ब |
| र | न | | र | म | ल | | था | ह |
| द | | | ल | | म | त | | ला |
| म | हा | न | | म | ना | क | र | ना |
| | | र | | ना | | रा | | |
| हा | थ | मा | र | ना | | र | स | द |
| स | | ई | ख | | र | | | ल |
| नि | त | | बा | द | क | | क | द |
| क | र | ब | ला | | म | ल | म | ल |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृष राशि :** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**मिथुन राशि :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**कर्क राशि :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**सिंह राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कन्या राशि :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें।

**तुला राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कुंभ राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है।




## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री और उप्र के सीएम को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपित को चूनाभट्टी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पहचान कामरान खान (29) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात को कामरान खान ने मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में फोन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद उसने जेजे अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। उसके बाद फोन रख दिया। इस फोन की जानकारी कंट्रोल रूम ने वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी गई। पुलिस ने धमकी देने वाले के फोन नंबर तलाशने का प्रयास शुरू किया और चूनाभट्टी इलाके से कामरान खान को गिरफ्तार कर लिया।

### शंकर नेत्रालय के संस्थापक डॉ. एसएस बद्रीनाथ का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े धर्मार्थ नेत्र अस्पताल शंकर नेत्रालय के संस्थापक डॉ. एसएस बद्रीनाथ का मंगलवार को चेन्नै में निधन हो गया। उनके उल्लेखनीय सेवाकार्यों के लिए उन्हें पद्म भूषण पद्मश्री और डॉ. बीसी रॉय पुरस्कार जैसे कई सम्मान हासिल हुए। तमिलनाडु कांग्रेस के उपाध्यक्ष राम सुगंथन ने डॉ. बद्रीनाथ के निधन की जानकारी एक्स पर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। 83 वर्षीय डॉ. सेंगामेदु श्रीनिवास बद्रीनाथ ने विदेश में पढ़ाई और गहन शोध के बाद 1978 में परोपकारियों के एक समूह के साथ मिलकर मद्रास में मेडिकल एंड विजन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की।

### बिहार : मधुबनी में डीएम की गाड़ी ने तीन को रौंदा, सभी की मौत

**पटना।** मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में मधेपुरा के जिलाधिकारी की गाड़ी से मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हुआ, जिसमें तीन की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 8.30 बजे एनएच 57 पर फुलपरास थाना क्षेत्र में दरभंगा से मधेपुरा की ओर जा रही डीएम की गाड़ी ने फुलपरास पुरवारी टोला के पास एक महिला और उसके बच्चे को कुचल दिया। इसके बाद एनएच किनारे काम कर रहे मजदूर को भी कुचल दिया। मृतक महिला का नाम गुड़िया देवी (28) और उसकी सात वर्षीय बच्ची है। वहीं, एक अन्य मृतक मजदूर की पहचान अभी नहीं हुई है।

# भ्रष्टाचार, वंशवाद व तुष्टीकरण भारत को विकसित राष्ट्र बनने में बाधक : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि ये तीन बुराइयां भारत को विकसित राष्ट्र बनने से रोक रही हैं। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को राजस्थान के बारां में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि देश के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है, लेकिन राजस्थान को विकसित बनाए बिना भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य अधूरा है। मोदी ने कहा, जब तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण नाम के देश के तीन दुश्मन हमारे बीच हैं, तब तक ये संकल्प पूरा होना मुश्किल है। कांग्रेस इन तीन बुराइयों की सबसे बड़ी



प्रतीक है। मोदी ने राजस्थान की राजनीति में चर्चा का केंद्र बनी लाल डायरी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरते हुए कहा कि आजकल लाल डायरी की सबसे अधिक चर्चा है। इस लाल डायरी के पन्ने जैसे-जैसे खुल रहे हैं, वैसे-वैसे जादूगर जी के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। इस डायरी में साफ-साफ लिखा है कि कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षों में आपके जल, जंगल और जमीन को कैसे बेचा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के तार किससे जुड़ रहे हैं, ये किसी से छिपा नहीं है। मैंने कहीं पढ़ा कि कांग्रेस के विधायक ने यहां के मंत्री के लिए कहा है - भाया रे भाया खूब खाया, एक गांव तो पूरा ही खाया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस में मंत्री हों, विधायक हों सब बेलगाम हैं और जनता त्रस्त है। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को लुटेरों, दंगाइयों, अत्याचारियों और अपराधियों के हवाले कर दिया है। इसलिए आज राजस्थान का बच्चा-बच्चा कह रहा है - गहलोत जी कोनी मिले वोट जी। महिला सुरक्षा को लेकर गहलोत सरकार को घेरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दंगाइयों के साथ-साथ यहां कांग्रेस सरकार के मंत्री बहनों-बेटियों पर अत्याचार करने वालों के साथ भी खड़े रहते हैं। जो कांग्रेस सरकार जान-माल और सम्मान की सुरक्षा तक नहीं कर सकती, उस सरकार को एक भी पल रहने का हक नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-जन का कल्याण ही भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भाजपा सेवा, सुशासन, विकास, गरीब कल्याण और महिला सशक्तीकरण की पर्याय है। महिला सुरक्षा और महिला कल्याण भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। कांग्रेस की नीतियों के कारण आज राजस्थान उन राज्यों में से एक है जहां बेरोजगारी और महंगाई सबसे अधिक है। राजस्थान में भाजपा सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कम किया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने टैक्स वापस बढ़ाकर लोगों की जेब काट ली है।

## मिसाइल-गोला बारूद से लैस नौसेना के बार्ज नौका का जलावतरण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के बेड़े में मिसाइल व गोला बारूद से लैस, बार्ज नौका शामिल की गई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल और गोला बारूद से लैस नौका 'बार्ज एलएसएएम 10 (यार्ड 78)' का जलावतरण 20 नवंबर को किया गया। इस नौका का इस्तेमाल गोला-बारूद लाने, ले जाने में किया जाएगा। इस नौका की विशेषताओं के बारे में बताते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'बार्ज एलएसएएम 10 (यार्ड 78)' की उपलब्धता भारतीय नौसेना को समुद्री घाटों व बाहरी बंदरगाहों पर सामान तथा गोला-बारूद को लाने-ले जाने और उतारने की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय नौसेना की परिचालन प्रतिबद्धताओं को गति भी प्रदान करेगी। बार्ज, एलएसएएम 10 (यार्ड 78) का जलावतरण 20 नवंबर को आंध्र प्रदेश में गुट्टेनादेवी, पूर्वी गोदावरी से किया गया। इस मौके पर कमोडोर शनमुगम सबेसन, सीआरओ (पूर्व) मौजूद रहे। मिसाइल और गोला बारूद से लैस बार्ज नौकाओं के निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय और मेसर्स सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के बीच 19 फरवरी 2021 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन बार्ज नौकाओं की उपलब्धता परिवहन, आवश्यक सामान को लाने-ले जाने और चढ़ाने-उतारने की सुविधा प्रदान करके भारतीय नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्रदान करेगी।

## स्कूली पुस्तकों में शामिल हो सकते हैं रामायण-महाभारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीईआरटी जल्द ही स्कूली पुस्तकों में रामायण और महाभारत से जुड़े चैप्टर्स को शामिल कर सकती है। रामायण और महाभारत से जुड़े अध्याय एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में शामिल किए जाने की योजना है। जानकारी के मुताबिक एनसीईआरटी के एक उच्च स्तरीय पैनल ने इसकी शिफारिश की है। एनसीईआरटी के पैनल ने अपनी सिफारिश में कहा है कि 'शास्त्रीय काल' के इतिहास के हिस्से के रूप में रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य स्कूली पुस्तकों में शामिल किए जाने चाहिए। हालांकि अभी तक एनसीईआरटी ने इस विषय पर कोई आधिकारिक सहमति या जानकारी साझा नहीं की है। जानकारी के मुताबिक उच्च-स्तरीय पैनल ने कक्षाओं की दीवारों पर संविधान की प्रस्तावना स्थानीय भाषाओं में लिखे जाने की सिफारिश भी की है। पैनल ने पाठ्यपुस्तकों में भारतीय ज्ञान प्रणाली, वेदों और आयुर्वेद को शामिल करने का सुझाव दिया। गौरतलब है कि अभी इन सभी सुझावों पर एनसीईआरटी की स्वीकृति आना बाकी है। इसके अलावा एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में इंडिया की जगह भारत लिखा जा सकता है। एनसीईआरटी की उच्च स्तरीय समिति ने इंडिया के स्थान पर भारत लिखे जाने की सिफारिश भी की है। वहीं, पाठ्यपुस्तकों में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने पर एनसीईआरटी का कहना है कि, इन खबरों पर किसी भी प्रकार कि टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। एनसीईआरटी का कहना है कि नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें विकास की प्रक्रिया में है। इस उद्देश्य के लिए एनसीईआरटी द्वारा संबंधित विषय विशेषज्ञों के विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों को अधिसूचित किया जा रहा है।

# राजस्थान चिरंजीवी योजना भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना होगी : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें राज्य सरकार के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम की राशि को 25 लाख रुपये से दोगुना कर 50 लाख रुपये करने का वादा किया गया है। घोषणा पत्र जारी होने के कुछ घंटे बाद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना भारत का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम बन जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब या मध्यमवर्गीय परिवार को इलाज के लिए अपने गहने गिरवी रखने या घर बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, "मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से कहा कि राजस्थान की क्रांतिकारी चिरंजीवी योजना के तहत मुफ्त इलाज की राशि को मौजूदा 25 लाख रुपये से और बढ़ाया जाना चाहिए। आज, इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। मुफ्त इलाज, इसे भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बनाता है। केरल



के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा, अब, राजस्थान में गरीब या मध्यम वर्ग के परिवारों को सबसे अच्छा इलाज मिल सकता है। उन्हें अपना घर नहीं बेचना पड़ेगा या कर्ज नहीं लेना पड़ेगा, कोई आभूषण गिरवी नहीं रखना पड़ेगा। यह कांग्रेस की गारंटी है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, "राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां लोगों को चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा था। अब इस योजना के तहत 50 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। वास्तव में राजस्थान के लोगों के लिए चिरंजीवी है। कांग्रेस ने फिर से पूरे दिल से काम किया। यह टिप्पणी कांग्रेस के मंगलवार को अपने घोषणापत्र में चिरंजीवी बीमा की राशि 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की घोषणा के बाद आई है।

## यूपी के चित्रकूट में बस व कार की टक्कर में पांच की मौत

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर को रोडवेज जनरथ बस और कार की आमने-सामने टक्कर हुई। हादसे एक मासूम बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस मृतकों की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। अधिकांश घायल और मृतक मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे है। मुख्यमंत्री योगी ने जनपद में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

**सीएम नीतीश कुमार हो गए अहंकारी**

## कहते हैं 'जो पिएगा वो मरेगा' : प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सीतामढ़ी और गोपालगंज में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से हुई लोगों की मौत के बाद सियासत शुरू हो गई है। इसी बीच चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को कहा कि सीएम नीतीश कुमार को इस बात का अहंकार हो गया है कि हम यहां से हट ही नहीं सकते। उन्होंने कहा कि शराब से लोगों के घर उजड़ रहे हैं और सीएम कहते हैं कि जो पिएगा वो मरेगा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसे आदमी को बिहार के लोग अगर वोट देते हैं, तो गलती नीतीश कुमार की नहीं है, बिहार की जनता की है। प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों से सवालिया लहजे में कहा कि आखिर ऐसे लोगों को वोट देते है तो इसका सबसे बड़ा गुनाहगार यहां की जनता है। नेता तो अपनी कुर्सी के लिए वोट मांग रहा है, जनता की क्या मजबूरी है। बिहार धरती में मात्र ऐसा राज्य है, जहां 10 लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो जाए और राज्य का मुखिया नीतीश कुमार इतना अहंकारी है कि देखने तक नहीं गए।

# 10वें दिन सुरंग में पहुंचा एंडोस्कोपिक कैमरा, दिखे भीतर फंसे हुए 41 मजदूर

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

कैमरे के सुरंग में भेजे जाने को लेकर सीएम धामी ने भी ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा 'सिल्क्यारा, उत्तरकाशी में निमार्णाधीन टनल में फंसे श्रमिकों की पहली बार तस्वीर प्राप्त हुई है। सभी श्रमिक भाई पूरी तरह सुरक्षित हैं, हम उन्हें शीघ्र सकुशल बाहर निकालने हेतु पूरी ताकत के साथ प्रयासरत हैं।' सोमवार को मजदूरों की स्थिति देखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था, पर अंदर धूल होने से तस्वीरें साफ नहीं आ पाईं। अब दिल्ली से एंडोस्कोपिक कैमरे




मंगाए गए थे जिन्हें मंगलवार को पाइप से भीतर पहुंचाया गया। इस दौरान कैमरे से टनल के भीतर फंसे हुए सभी 41 मजदूर दिखाई दिए। सभी सुरक्षित हैं।

**रेस्क्यू में ये संगठन जुटे :** भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, एनएचआईडीसीएल, उत्तराखंड पुलिस, एसजेवीएनएल, आरवीएनएल, लार्सन एंड टूब्रो, टीएचडीसी, आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, ओएनजीसी, आईटीबीपी, राज्य लोनिवि, डीआरडीओ, परिवहन मंत्रालय, होमगार्ड्स आदि।

**FILMY हलचल**

## टाइगर फ्रैंचाइजी मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक : सलमान खान

**हिंदी सिनेमा** के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक सलमान खान अपनी



फिल्म टाइगर-3 के साथ एक और सफलता की कहानी लिखकर खुश हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म दुनियाभर में चार सौ करोड़ की कमाई करने और हिंदी सिनेमा के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी दिवाली हिट दर्ज की है। इस संबंध में सलमान कहते हैं, 'तीन टाइगर फिल्में, तीन सफलता की कहानियां। टाइगर फ्रेंचाइजी मेरे दिल में बसती है और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों के दिलों में भी अपनी जगह बना ली है। टाइगर फ्रैंचाइज मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक है और निश्चित रूप से एक विरासत ब्रांड है, जो हमेशा मेरी फिल्मोग्राफी को चमकदार बनाए रखेगा। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी पहली टाइगर फिल्म न केवल एक ब्लॉकबस्टर टाइगर फ्रैंचाइजी के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के लिए भी आधारशिला बनाएगी, जिसने केवल हिट फिल्में दी हैं। सलमान कहते हैं, ह्यजब 'मैं एक था टाइगर' कर रहा था, तो मुझे नहीं पता था कि हमारा सीक्वल बनेगा, इस तथ्य को भूल जाइए कि अब हमारे पास 'टाइगर-3' में थ्रीक्वल है।

## वीर दास ने बेस्ट कॉमेडी के लिए जीता इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड



**कॉमेडियन** वीर दास ने अपने कॉमेडी स्पेशल 'वीर दास - लैंडिंग' के लिए बेस्ट कॉमेडी कैटेगिरी में इंटरनेशनल एमी जीतकर भारत को गौरवान्वित किया और लोकप्रिय ब्रिटिश किशोर सिटकॉम 'डेरी गर्ल्स' सीजन-3 के साथ अवॉर्ड शेयर किया। 51वां इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स समारोह सोमवार देर रात न्यूयॉर्क शहर के न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन में आयोजित किया गया। वीर ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ उनके काम की मान्यता नहीं है बल्कि भारत की विविध कहानियों और आवाजों का जश्न है।

## फिल्म 'विवाह-3' को बिहार में मिल रहा बढ़िया रिस्पांस

**महापर्व छठ** पर रिलीज निमार्ता निशांत उज्ज्वल, प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म "विवाह-3" को बिहार में शानदार ओपनिंग मिली है। खबरों के अनुसार, फिल्म "विवाह-3" को बिहार के सभी सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। यह फिल्म भी पहले और दूसरे पार्ट की तरह बॉक्स ऑफिस पर अब तक शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म देखकर सिनेमाघरों से बाहर आ रहे दर्शकों का कहना है कि फिल्म बेहद खूबसूरत बनी है और इसे हर वर्ग के लोगों को देखना



चाहिए। इस फिल्म ने एक बार फिर से महिला दर्शकों को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया है। ये कहना है फिल्म के निमार्ता निशांत उज्ज्वल का। निशांत ने बताया कि फिल्म "विवाह-3" को 24 नवम्बर को सम्पूर्ण भारत में रिलीज होना है, लेकिन उससे पहले यह फिल्म बिहार में जिस तरह का रिस्पोंस हासिल कर रही है, उससे हम सभी को उम्मीद है कि यह साल की सबसे बड़ी फिल्म बनकर उभरेगी। निशांत ने कहा कि हमने फिल्म को बड़ी शिद्दत से बनाया है और अब दर्शकों का जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए आभार। मैं सभी से अपील करूंगा कि जिन लोगों ने अभी तक फिल्म नहीं देखी है, वे जरुर अपने पूरे परिवार के साथ जाकर फिल्म देखें वहीं, फिल्म पंडितों का मानना है कि छठ पूजा की छुट्टियों का फिल्म को बेहद फायदा मिल रहा है।

**आईसीएमआर ने जारी अध्ययन रिपोर्ट में बताया**

# हार्ट अटैक का वैक्सीन से कोई संबंध नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अध्ययन के मुताबिक युवाओं में दिल का दौरा पड़ने की घटनाओं का कोरोना वैक्सीन से कोई संबंध नहीं है। कोरोना टीकाकरण के कारण युवाओं में अचानक मृत्यु की घटनाएं नहीं बढ़ी हैं, बल्कि उनके पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और जीवन शैली इसके लिए जिम्मेदार हो सकती है।

मंगलवार को आईसीएमआर ने जारी अध्ययन रिपोर्ट में बताया कि देश में युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु की आशंका कोरोना के बाद अस्पताल में भर्ती होने, मृत्यु का पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और जीवन शैली इसके कारण हो सकते हैं। आईसीएमआर ने इस अध्ययन में 47 अस्पतालों को शामिल




किया था, जिसमें 18-45 वर्ष के आयु के बीच के मरीजों को शामिल किया गया था, जिन्हें कोई दिल से संबंधित बीमारी या दूसरी गंभीर बीमारी नहीं थी लेकिन कोरोना के बाद उनकी अचानक मौत हो गई। आईसीएमआर ने साल 2021 से 2023 के दौरान अस्पष्ट कारणों से हुई मौत को शामिल कर उनके कारणों पर अध्ययन किया।

अध्ययन में यह भी कहा गया है कि मौजूदा प्रदूषण की स्थिति, धूम्रपान, शराब की लत या बहुत ज्यादा शारीरिक व्यायाम भी अचानक हुए मौत के कारण हो सकते हैं। इसके साथ ज्यादा शराब के सेवन से भी अचानक मौत का खतरा बढ़ता है। हालांकि पिछले दो सालों में अचानक हुई मौतों के पीछे स्पष्ट कारण अलग अलग हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जीबी पंत अस्पताल द्वारा एक रिसर्च में भी कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक के जोखिम बढ़ने के बीच कोई संबंध नहीं मिला है। इस स्टडी में कुल 1578 लोगों को शामिल किया गया था। अध्ययन में कोरोना का टीका लेने के बाद दिल का दौरा पड़ने के कोई वैज्ञानिक सबूत नहीं मिले हैं।

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री से मिला लुगुबुरु घंटाबाड़ी का प्रतिनिधिमंडल, दिया निमंत्रण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, लालपनियां, गोमिया, बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 26-27 नवंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस महासम्मेलन में देश -विदेश से हजारों सरना धर्मावलम्बी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबली सोरेन, देश परगना बैजू मुर्मू, जयराम हांसदा, बबलू हेंब्रम, दासमाथ हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू, सीता मुर्मू और सविता टुडू शामिल थीं।

### अब इमाम भी जा सकेंगे उमरा पर

**रांची।** हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि एक बार हज और उमरा के लिए जरूर मक्का जाएं, इसके लिए लोग पैसे बचा कर रखते हैं ताकि एक बार उमरा में जा सकें। जी हां अब रांचीवासियों के लिए खुशखबरी है कि कम खर्चे में अल असरा ट्रेवल्स उमरा में भेज रहा है। इसका ऑफिस अंजुमन प्लाजा रांची के दूसरे तल्ले पर है। ऑफिस हेड सरफराज अहमद ने बताया कि हमारे यहां से लोगों को पूरा विश्वास है कि यहां से अच्छी सेवा मिलती है। मक्का जाने वाले अकीदतमंदों को हर सुविधा दी जाती है। मक्का के नजदीक होटल में ठहराया जाता है। ऑफिस हेड सरफराज ने बताया कि जायरीन को इबादत करने में आसानी हो इसके लिए होटल के नजदीक कराया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जायरीन को पैकेज में एयरलाइंस की टिकट, वीजा , इंश्योरेंस के साथ ट्रांसपोर्ट, नाश्ता, खाना, लॉन्ड्री की सुविधा दी जाएगी। कई जगहों का जियारत भी करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि अल असरा ट्रैवल इमाम और मोअजीन को मुनासिब पैसे लेकर उमरा में भेज रहा है। सरफराज ने बताया कि हाजियों के साथ एक हाजी भी साथ में जाते हैं ताकि उनकी पूरी देखरेख हो सके। उनको कभी भी कोई परेशानी ना हो।

### चोरी के दो आरोपियों को जेल

**रांची।** राजधानी की मुरी थाना पुलिस ने हिंडाल्को क्वार्टर कॉलोनी में घुसकर चोरी का प्रयास करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में इम्तियाज उर्फ इम्तियाज आलम और साहिल खान शामिल हैं। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने मंगलवार को बताया कि दोनों को चोरी करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### फ्रेंड्स कॉलोनी में भाई की गला रेत कर हत्या, एक गिरफ्तार और अन्य फरार

**रांची।** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी में एक युवक को पीटने के बाद गला रेत कर हत्या कर दी गई। इस वारदात को सगे भाई समेत अन्य परिजनों ने ही अंजाम दिया है। घटना रविवार की रात की बतायी जा रही है। मंगलवार की सुबह लालपुर पुलिस ने युवक का शव उसके मां के कमरे का दरवाजा तोड़कर बरामद किया है। मृतक का नाम नितेश लाहा है और फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही रहता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में संपत्ति विवाद में हत्या की बात सामने आयी है। पुलिस के अनुसार नितेश आपराधिक छवि का था और उस पर कई मामले भी दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि नितेश की बहन मोनी ने सोमवार को पुलिस को अपने भाई नितेश के लापता होने की सूचना दी। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई थी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि नितेश की मां के कमरे में ताला लटका हुआ है और वह दो दिन से गायब है। काफी तलाश के बाद जब उसकी मां का पता नहीं चला, तब मंगलवार की सुबह लालपुर पुलिस नितेश की मां के घर पर पहुंची। उसके कमरे के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर जब पुलिस घुसी तो देखा कि फर्श पर खून बिखरा पड़ा है और खून से लथपथ नितेश जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। वहीं पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई आरोपी विवेक उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।
मां, भाई और जीजा के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी
बहन मोनी देवी के बयान पर मां नीना देवी, भाई विवेक उर्फ विक्की और जीजा रंजीत कुमार के खिलाफ लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में तीनों पर नितेश लाहा की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। बहन ने पुलिस को बताया कि संपत्ति को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था।

# झारखंड में 39 बीडीओ बदले, अधिसूचना जारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने बीडीओ स्तर के 39 अधिकारियों का तबादला किया है। ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव संजीव कुमार ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक निखिल गौरव को चतरा जिले के हंटरगंज का बीडीओ बनाया गया है। वे पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे हरि उरांव को देवघर जिले के करों प्रखंड का नया बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राजेश कुमार सिन्हा को धनबाद के बलियापुर का बीडीओ बनाया गया है। हजाराबीग सदर की बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा, गिरिडीह के सरिया की बीडीओ पायल राज, सर्ड के व्याख्याता रोहित सिंह की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग (झारखंड) को वापस कर दी गयी है। गढ़वा जिले के रमकंडा के बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा का तबादला कर दिया गया है। इन्हें पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। संजय कुमार को गढ़वा जिले के रमना प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। वे पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत रवींद्र कुमार को गढ़वा जिले के खरौंदी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। सुदेश कुमार को गढ़वा जिले के डंडई का बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) बनाया गया है। कोडरमा के मरकच्चो के बीडीओ पप्पू रजक को ट्रांसफर करते हुए गिरिडीह के सरिया का बीडीओ बनाया गया है। निशांत अंजुम को गिरिडीह के गांडेय प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत संजय कुमार सिन्हा को गोड्डा के महागामा का नया बीडीओ बनाया गया है। अनु प्रिया को हजारीबाग का नया बीडीओ बनाया गया है। ये पदस्थापन की प्रतीक्षा में थीं। निधि रजवार को हजारीबाग के चलकुशा का बीडीओ बनाया गया है। नुपूर कुमारी को जामताड़ा के करमाटांड़-विद्यासागर का बीडीओ बनाया गया है। कनक को कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। ये भी पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मनोज कुमार तिवारी को लातेहार सदर का बीडीओ बनाया गया है। अजय कुमार तिर्की को लोहरदगा के पेशरार प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। पाकुड़ के हिरणपुर के नए बीडीओ पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मनोज कुमार तिवारी को लातेहार सदर का बीडीओ बनाया गया है। अजय कुमार तिर्की को लोहरदगा के पेशरार प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। पाकुड़ के हिरणपुर के नए बीडीओ टुडू दिलीप बनाए गए हैं। गढ़वा के मझिआंव के बीडीओ नितेश भाष्कर का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें पलामू जिले के चैनपुर का बीडीओ बनाया गया है। ठाकुर गौरी शंकर शर्मा सर्ड में व्याख्याता के पद पर थे। उन्हें ट्रांसफर करते हुए सिमडेगा के कुरडेग का बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुचित्रा मिंज सर्ड की व्याख्याता बनायी गयी हैं।

**इनकी सेवा कार्मिक विभाग को वापस की गई :** हजाराबीग सदर की बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा, गिरिडीह के सरिया की बीडीओ पायल राज, सर्ड के व्याख्याता रोहित सिंह की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग (झारखंड) को वापस कर दी गयी है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्राओं का 'स्पीक आउट-2023' में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की छात्राओं ने अमृतसर में आयोजित ऑनलाइन एनुअल इंटर स्कूल लिटरेरी इवेंट 'स्पीक आउट-2023' में एक बार फिर बाजी मारी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 46 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा 10वीं की निश्का राज को रचनात्मक लेखन श्रेणी के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हमारे विद्यालय को स्लैम पोएट्री श्रेणी के लिए ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा 11वीं के अतिशय सिंह एवं कक्षा 10वीं की प्रज्ञाश्री होता ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने सभी को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है।

**झारखंड विस के स्थापना दिवस पर 22 को सजेगी महफिल**

## उत्कृष्ट विधायक और कर्मी होंगे सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस बुधवार को है। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर विधानसभा की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। 23 नवंबर को शाम छह बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों के लोक गायन और संगीत से होगी। कार्यक्रम में सिंगर जावेद अली और गजल गायक कुमार सत्यम के गजलों का लोग लुत्फ उठायेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्रम हास्य कलाकार रविंद्र जॉनी के व्यंग्य के तीर भी चलेंगे। 22 नवंबर को स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन समेत मंत्री और सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायक मौजूद रहेंगे। इस साल मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुना गया है। इन्हें बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इन्हें मुख्यमंत्री के हाथों 51 हजार रुपये प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। रामचंद्र सिंह कांग्रेस विधायक हैं। वे मनिका विधानसभा से तीसरी बार विधायक चुने गये हैं। समारोह में उत्कृष्ट विधायक के साथ छह कर्मियों को भी सम्मानित किया जायेगा। इन कर्मियों को 21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो दिया जायेगा। सम्मानित होने वाले कर्मियों में संयुक्त सचिव मिथिलेश कुमार मिश्रा, अवर सचिव विष्णु पासवान, प्रशाखा पदाधिकारी निलेश कुमार सिंह और नियाज अहमद, वरीय सचिवालय सहायक तापस कुमार यादव और अनुसेवक माइकल लकड़ा हैं। समारोह में नक्सली घटनाओं में मारे गये राज्य के शहीद जवानों के परिजनों, 10 वीं व 12 वीं के टॉपर, उत्कृष्ट खिलाड़ियों और चंद्रयान मिशन से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिकों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जायेगा।

**सिविल सर्जन ने अस्पताल/क्लीनिक के नये निबंधन को लेकर की बैठक**

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का निरीक्षण करने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ. प्रभात कुमार द्वारा जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की अध्यक्षता की गई। जिला सलाहकार समिति के बैठक में उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची, डॉ. एके खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर, पीसी एंड पीएनडीटी कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी की सलाहकार समिति द्वारा निम्न निर्णय लिए गए
- ◆नया निबंधन हेतु 07 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक का स्वीकृती दी गई।
- ◆नवीकरण के लिए 09 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को स्वीकृती दी गई।
- ◆सिविल सर्जन (सदर) रांची द्वारा वैसे क्लिनिक जो अन रजिस्टर्ड है और कोई अन क्वालीफाइडू पर्सन अल्ट्रासाउण्ड का कार्य कर रहा है उस पर कारवाई करने के निर्देश दिया गया।
- ◆मुखबरी योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।
- ◆सिविल सर्जन (सदर) रांची द्वारा सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख़्ती से निरीक्षण करने का निर्देश सम्बंधित सभी अधिकारियों को दिया गया।
- ◆डॉक्टर योगदान के लिए प्राप्त अभ्यावेदन में समिति द्वारा सर्वसम्मति से डॉक्टर योगदान की स्वीकृति दी गई
- ◆समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जिन यूजीसी संस्थान का नवीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान नही की दी गई है, उनके संस्थान को फॉर्म-उ निर्गत की जाए।

# रांची से बलरामपुर के लिए 24 को एक ट्रिप चलेगी छठ स्पेशल ट्रेन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08628- 08627 रांची- बलरामपुर - रांची छठ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। मंगलवार को रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ट्रेन संख्या 08628 रांची - बलरामपुर छठ स्पेशल 24 नवम्बर (शुक्रवार को) रांची से चलेगी। यह केवल एक ट्रिप चलेगी। ट्रेन रांची से 21:45 बजे खुलेगी, जो मुरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, जसीडीह, झाझा, किउल, बख्तियारपुर, पटना, गोरखपुर होते हुए बलरामपुर शाम 18:30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरेटर कार का एक कोच, एसएलआरडी का एक कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के चार कोच, वातानुकूलित 3-टियर (इकोनोमी) के पांच कोच और वातानुकूलित 3-टियर के आठ कोच कुल 19 कोच होंगे। यही ट्रेन (नंबर 08627) बलरामपुर से रांची के लिए 25 नवम्बर ( शनिवार) को चलेगी। यह भी केवल एक ट्रिप चलेगी। ट्रेन बलरामपुर से 23:30 बजे खुलेगी ।

## पृष्ठ एक के शेष

**परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों...**
जाएगा। मुख्यमंत्री को यूनिसेफ की ओर से बताया गया कि रांची और पश्चिम सिंहभूम जिले में लगभग 10 हजार बाल पत्रकार हैं। ये सभी बाल पत्रकार विभिन्न विद्यालयों से जुड़े हुए हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी बच्चों को राज्य के बाहर के भी अच्छे और बेहतर संस्थानों और अन्य संस्थाओं का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण कराएं। इन्हें बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी और मेला में भी ले जाएं। इससे बच्चों को एक्स्पोजर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की ओर से भी सहयोग किया जाएगा।
**विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 20 बाल पत्रकारों की रही भागीदारी :** विश्व बाल दिवस पर मुख्यमंत्री से संवाद करने के लिए रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों के छह सरकारी विद्यालयों के 20 बाल पत्रकार आए थे। इन बाल पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से संवाद करने के साथ सवाल भी किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को बाल पत्रकारों द्वारा संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराया। मौके पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई ग्रीटिंग कार्ड भी मुख्यमंत्री को भेंट की। मौके पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्रा, कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग, कंसलटेंट राजेश कुमार झा और देवांजलि मंडल तथा एनबीजेके के सुष्मिता भट्टाचार्जी, विवेक कुमार, सरिता देवी और दिवाकर प्रसाद मौजूद थे।

**आदिवासी भाई-बहनों के विकास...**
की जा रही पहल इसका उदाहरण है। मयूरभंज अंचल को तीन नई ट्रेन देने के लिए उन्होंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव सहित केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रपति बदामपहाड़ से ट्रेन में बैठकर अपने गृह क्षेत्र मयूरभंज जिला स्थित रायरंगपुर स्टेशन पहुंचीं। राष्ट्रपति ने अमृत भारत योजना के अंतर्गत बदामपहाड़ स्टेशन के 12 करोड़ की लागत से पुनर्विकास योजना का शिलान्यास, रायरंगपुर डाक विभाग के नए कार्यालय का उदघाटन व डाक विभाग के स्मारक विशेष आवरण का विमोचन भी किया। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जलशक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू समेत कई बड़े नेता उपस्थित थे।

**गढ़वा में पिता ने...**
संजय सिंह ने उन्हें देखते ही बंदूक से गोली चलाई, जो उनकी ही बेटी को लगी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरी तरफ लड़का मौके से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद वह बेटी के शव को घर ले आए। वारदात को छिपाने की कोशिश हो रही थी, लेकिन भनक लगते ही पुलिस ने छापेमारी की और आरोपी संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**पांच दिन बाद भी आरोपी पुलिस की...**
**गाँव वालों का भरोसा जीत रही पुलिस :** वहीं दूसरी तरफ एक साथ पांच धार्मिक स्थलों पर हुए तोड़फोड़ की वजह से पूरा मांडर अंदर ही अंदर से लग रहा है। गांव में लगातार बैठके की जा रही है। सूचना यह भी है कि अगर जल्द इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो एक बार फिर से ग्रामीण सड़क पर उतर सकते हैं। हालांकि दूसरी तरफ मांडर और चान्हो थाना प्रभारी लगातार ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनका विश्वास जीतने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि पुलिस अपना काम कर रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।
**गांव मे रात में गश्त :** तनाव को देखते हुए मुड़मा गांव में पुलिस गस्त तेज कर दी गई है। रांची डीआईजी ने बताया कि मुड़मा में पुलिस की चहल कदमी बढ़ा दी गई है। पुलिस लगातार आसपास के गांव में भी नजर रख रही है।
**जल्द गिरफ्तारी नही हुई तो फिर होगा आंदोलन :** मांडर के मुड़मा गांव में 16 नवंबर की रात धार्मिक स्थलों की प्रतिमाओं को खंडित किया गया था। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को पुलिस नया भरोसा दिलाया था की छठ से पूर्व सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं इसकी वजह से ग्रामीणों का आक्रोश अंदर ही अंदर बढ़ रहा है। सूचना के अनुसार अगर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो ग्रामीण एक बार फिर से सड़क पर उतर सकते हैं ,इसकी सूचना पुलिस को भी है।

**संभावनाएं अनंत पर झारखंड में पर्यटन...**
बराबर हैं। झारखंड में जैन धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र तीर्थस्थल सम्मेद शिखरजी है जहां पूरी दुनिया के जैन धर्मावलंबी कम-से-कम एक बार जरूर आना चाहते हैं। इसी प्रकार सनातनियों का विश्वस्तर पर चर्चित बाबाधाम देवघर है,सूर्योदय और सूर्यास्त के दुर्लभ दृश्यों वाला नेतरहाट है जहां पड़ोसी राज्य बंगाल से हजारों पर्यटक आते हैं । राजधानी रांची को झीलों का शहर कहा जाता है जिसके आसपास और दूर दराज में प्रकृति की गोद में अनेक जल प्रपात हैं। अब सवाल यह है कि ग्रामीण-जनजातीय सांस्कृतिक ,खनिज, प्राकृतिक, धार्मिक और न जाने कितने नए पुराने एटिहासिक स्थलों-धरोहरों से सजा झारखंड इसे उद्योग के रूप में विकसित क्यों नहीं कर पा रहा? एक अध्ययन के अनुसार महिलाएं कहती हैं कि अभी तो शहरों में ही नाइट टूरिज्म सुरक्षित नहीं है। पर्यटन में पिछड़ने के लिए उच्च शिक्षित पिछले 23 वर्षों की सरकारों को और नक्सलवाद को जिम्मेदार मानते हैं। एक सकारात्मक लक्षण ये जरूर है कि पर्यटकों में युवाओं की संख्या अधिक है जो एडवेंचर पसंद करते हैं। युवा मानते हैं कि राज्य में पर्यटन आगे बढ़ा है। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग यह बताते हैं कि झारखंड बनने के बाद इसके आधारभूत संरचना में काफी सुधार हुआ पर अभी भी पर्यटन की मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। पर्यटन को उद्योग मानने वाले राज्यों में टूरिस्ट पुलिस है जो विनम्र और शालीन व्यवहार के साथ पर्यटकों को ठगे जाने बचाव करती है मॉनिटरिंग करती है और किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहती है । हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा देने में इनका बहुत बड़ा योगदान है जबकि झारखंड में मनमाने रेट और स्थानीय लोगों का दुर्व्यवहार पर रोक्क या मॉनिटरिंग की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे कुछ दुखी पर्यटक हजारों को भड़का देते हैं जिनकी भूमिका इसे बढ़ावा देने की हो सकती थी । पर्यटन को जिन राज्यों में बढ़ावा मिला है उनमें होटलों का सर्वे कराकर मापदंड तय किए गए हैं जिसके आधार पर उनका किराया तय कर उन्हें पर्यटन विभाग से मान्यता दी गई है जबकि झारखंड में ऐसा कुछ भी नहीं है। झारखंड के पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जिस दक्षता से होनी चाहिए थी नहीं हुई। भ्रष्टाचार और लालफीताशाही के आरोप भी लगते रहे। सरकार को चाहिए व्यापारी,होटल और टूर-ट्रैवल संचालकों के साथ मीडिया और समाज के प्रबुद्ध लोगों से एक मंच पर वार्ता करे उनकी बातें सुनें और अपने धरोहरों या पर्यटन स्थलों के साथ जनजातीय-क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपरा को इसमें शामिल करे। विश्व प्रसिद्ध छौ, करम-सरहुल और सोहराई जैसे त्योहार झारखंड की पहचान बन सकते हैं। सबसे बड़ी बात लाखों लोगों को अपने गांव या घर ले पास हो रोजगार मिलेगा जिससे माओवाद और पलायन पर रोक लग सकती बशर्ते प्रयास ईमानदारी से हो।

**झारखंड की नयी...**
पर्यटन पॉलिसी में राज्य की खनिज संपदा को प्रदर्शित करने और खनन पर्यटन के जरिये संभावनाओं को तलाशा जाएगा। नयी पर्यटन नीति में एडवेंचर टूरिज्म की गतिविधियों जैसे पैराग्लाइडिंग, वाटर स्पोर्ट्स, रॉक क्लाइंबिंग, ग्लाइडिंग आदि को बढ़ावा देना जैसे कार्य शामिल होंगे। वाटर स्पोर्ट्स के लिये तिलैया, मसनजोर, चांडिल, पतरातू, गेतालसूद, केलाघघ, कांके, हटिया जैसे डैम को विकसित करने की योजना है।

**साहिबगंज एसपी नौशाद आलम...**
ईडी को फ्लाइट टिकट व्हाट्सएप पर भेजे जाने से जुड़ा चैट मिला था। हालांकि ईडी ने इस मामले में अभी रांची पुलिस के किसी पदाधिकारी को समन नहीं किया है, लेकिन आने वाले दिनों में ईडी रांची पुलिस के संबंधित जूनियर रैंक के अफसर से पूछताछ कर सकती है।
**धुर्वा थाने में दर्ज केस भी रांची पुलिस ने जोड़ा था ईडी अफसर का नाम :** ईडी के केस में मुकरने के पहले विजय हांसदा ने झारखंड हाईकोर्ट में विवाद को लेकर धुर्वा थाने में दर्ज केस में केस दर्ज कराया था। जिसमें ईडी के दो आरोपियों को नामजद किया गया था। इस केस में भी ईडी के अधिकारियों को आरोपी बनाने की नियत से कोर्ट में विजय हांसदा का 164 का बयान दर्ज करा लिया गया था।

**झारखण्ड में खादी वस्त्रों और क्राफ्ट की मची धूम**

# 150 रूपए से 2000 हजार रूपए तक के उत्पाद उपलब्ध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली**
एक तरफ खादी वस्त्रों की दमक तो दूसरी तरफ खादी उत्पादों की धूम। झारखण्ड पवेलियन में झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से लगाए गए स्टॉल पर बिलकुल ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। दर्शकों को भी ये उत्पाद खासे पसंद आ रहे हैं। प्रगति मैदान में जारी 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन में झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री राखाल चंद्र बेसरा ने हॉल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि इस बार पवेलियन में खादी सिल्क, खादी कॉटन, ऊनी जैकेट, सिल्क जैकेट, सिल्क शॉल, सूती डिजाइनर शर्ट्स, ज्यूलरी डोगरा क्राफ्ट, हर्बल उत्पाद, हर्बल शैम्पू आदि उत्पाद पेश किये गए हैं। उन्होंने बताया की हमारे उत्पादों की कीमत 150 रूपए से लेकर 2000 रूपए तक रखी गई है। इस से यहाँ आने वाले तमाम दर्शक आसानी से इन उत्पादों को खरीद रहे हैं। युवाओं और बड़ों को खादी जैकेट्स काफी पसंद आ रही हैं। साथ ही मेले में हमने विशेष रूप से खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और खादी रेडी मेड गारमेंट पर 25 प्रतिशत की छूट मुहैया कराई है।

### एनवायरमेंटल क्लीयरेंस मिलने पर ही वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का होगा निर्माण : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गढ़वा के रिहायशी इलाके में कचरा डंपिंग यार्ड बनाने का विरोध करने वाली रामलाल भुईंया की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को निष्पादित करते हुए निर्देश दिया कि जब तक स्टेट इंवायरमेंटल असेस्मेंट अथॉरिटी (सिया) से एनवायरमेंटल क्लीयरेंस नहीं दिया जाएगा तब तक प्रस्तावित जगह पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि जब भी राज्य सरकार या गढ़वा नगर परिषद के द्वारा सिया के पास कचरा डंपिंग यार्ड बनाने के संदर्भ में एनवायरमेंटल क्लीयरेंस के लिए आवेदन डाला जाएगा, तो सिया याचिकाकर्ता एवं प्रभावित लोगों को नोटिस जारी करेगी और उनसे आपत्ति मांगेगी। आपत्ति के निष्पादन के बाद ही सिया कचरा डंपिंग यार्ड निर्माण के लिए एनवायरमेंटल क्लीयरेंस देने पर कानून के अनुसार निर्णय लेगी।

# राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित

## पांच देशों के टूर्नामेंट में लेना है हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर के बीच होने वाले 5 देशों के टूर्नामेंट से पहले बेंगलुरु के साई सेंटर में 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है।

भारत, आयरलैंड, जर्मनी, बेल्जियम और मेजबान स्पेन वालेंसिया में पांच देशों के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह 13 जनवरी 2023 से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस महीने की शुरूआत में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद कैंप में लौटने पर भारतीय महिला हॉकी टीम की



खिलाड़ी आत्मविश्वास महसूस करेंगी। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत इस टूर्नामेंट में अजेय रहा। टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड ने भी भाग लिया था।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने शिविर को लेकर कहा, एशियाई खेलों में कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक के साथ हम पिछले कुछ महीनों में अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी गति बरकरार रखें और यह सुनिश्चित करें कि हम अगले साल महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए सही मानसिक स्थिति में बने रहें। हमारी नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं और एक स्थान सुनिश्चित करने के लिए हमें एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पांच देशों का टूर्नामेंट हमारे लिए यूरोपीय टीमों के खिलाफ खुद को परखने और अपनी रणनीतियों की योजना बनाने और जरूरत पड़ने पर संशोधन करने का एक अच्छा मौका है। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर हमें एक बार फिर से संगठित होने और उन क्षेत्रों पर काम करने की अनुमति देगा, जहां हमें अभी भी सुधार करने की जरूरत है और हमें एक रोडमैप प्रदान करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम अपने तत्काल लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

### संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं

- **गोलकीपर :** सविता, रजनी इतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी
- **डिफेंडर :** दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी
- **मिडफील्डर :** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर
- **फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग

# ब्लाइंड क्रिकेट में भारत, ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय शृंखला की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अधिकारियों ने सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स से मुलाकात की। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल मैच देखने के लिए भारत आए थे। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी किवदासनवर और महासचिव शैलेन्द्र यादव ने रिचर्ड मार्ल्स के साथ बातचीत की और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक ब्लाइंड क्रिकेट गेंद भेंट की। डॉ. महंतेश जीके और शैलेन्द्र यादव ने उप-प्रधानमंत्री को सराहना के तौर पर एक ब्लाइंड क्रिकेट गेंद भेंट की, जो नेत्रहीन क्रिकेट खिलाड़ियों की भावना और कौशल का प्रतीक है। ऑस्ट्रेलिया उपप्रधानमंत्री ने इस अनूठी गेंद को प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सीएबीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ब्लाइंड क्रिकेट की अवधारणा से उनका पहला परिचय था। अधिकारियों के अनुसार, सीएबीआई और ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीमों के बीच द्विपक्षीय शृंखला आयोजित करने की संभावनाओं पर चर्चा की। सीएबीआई के महासचिव शैलेन्द्र यादव ने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और नेत्रहीन क्रिकेट के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग के बारे में अपना आशावाद साझा किया।

# एआईएफएफ ने किया ओडिशा सरकार के साथ समझौता



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और ओडिशा सरकार ने मंगलवार को भुवनेश्वर में ओडिशा फुटबॉल अकादमी में एआईएफएफ-फीफा टैलेंट अकादमी स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

समझौता ज्ञापन पर एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे और ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव आर. विनील कृष्णा ने हस्ताक्षर किए। ओडिशा के खेल मंत्री तुषार कांति बेहरा उपस्थित थे।

समारोह में, चौबे ने कहा, मैं भारतीय फुटबॉल को हरसंभव तरीके से समर्थन देने के लिए ओडिशा सरकार और फीफा अध्यक्ष को धन्यवाद देता हूं। उसी का परिणाम है कि आज भारत में महान आर्सेन वेंगर की उपस्थिति है।

उनका मार्गदर्शन, नेतृत्व, तकनीकी योजना और रणनीति भारत को सपने देखने में मदद करेगी। आइए एक छोटा कदम उठाएं और योग्यता के आधार पर फीफा अंडर-17 विश्व कप और जल्द ही सीनियर फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। मुझे एआईएफएफ-फीफा के माध्यम से बहुत उम्मीदें हैं।" उन्होंने टैलेंट एकेडमी से कहा कि हमें आने वाले तीन वर्षों में अपनी सर्वश्रेष्ठ अंडर-17 टीम मिलेगी।"

वेंगर ने कहा, मैं अपनी टीम के साथ भारत आकर खुश हूं। मैंने यहां ओडिशा में सुविधाएं और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता देखी है। हमने महसूस किया है कि 211 देशों में से अधिकांश में वास्तविक युवा शिक्षा नहीं है। सबसे अच्छे देशों में छोटे बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था है, इसलिए कई बच्चों को मौका ही नहीं मिल पाता।

वेंगर ने कहा, दुनिया की हर प्रतिभा को एक मौका देना ही हमारा कार्यक्रम है। भारत में प्रतिभा की पहचान करने के लिए, महान खिलाड़ी बनाने के लिए अच्छी शिक्षा और अच्छे स्तर की प्रतिस्पर्धा दें। इसमें कितना समय लग सकता है, हम नहीं जानते, लेकिन शिक्षा के बिना, हम वहीं रहेंगे जहां हम हैं। हमारा लक्ष्य भारत को मानचित्र पर वापस लाना है। किसी भी देश के पास शीर्ष पर रहने के लिए किसी अन्य देश से अधिक अधिकार नहीं हैं। हमारा बड़ा प्रयास बच्चों को शिक्षित करना है ताकि वे अपने जैसे अच्छे बन सकें हो सकता है। आप 15 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू नहीं कर सकते, आपको पांच या छह साल की उम्र में शुरूआत करनी होगी।

# प्रो-कबड्डी देखकर कीवी क्रिकेटर इस गेम में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने खेल जगत में एक नई चर्चा तेज कर दी है। उन्होंने अपने साथियों डेरिल मिचेल और टिम साउदी के साथ मिलकर कबड्डी खेलने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि इस खेल के लिए मजबूत पैरों की जरूरत होती है। न्यूजीलैंड के क्रिकेटर बोल्ट, मिचेल सेंटनर और टॉम लाथम को कबड्डी का खेल दिलचस्प लगा जब उन्हें आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत में रहने के दौरान प्रो कबड्डी लीग की कुछ झलकियां दिखाई गई। इस बीच, बोल्ट ने अपने साथियों मिचेल और साउदी को कबड्डी में हाथ आजमाने का समर्थन करते हुए कहा, मैंने इसे कई बार देखा है। मुझे लगता है कि इस खेल के लिए आपको मजबूत पैरों की जरूरत है। मैं इस खेल के लिए डेरिल मिचेल और टिम साउदी का नाम लूंगा। इसके अलावा, सैंटनर ने ग्लेन फिलिप्स को कबड्डी में देखने की संभावना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझमें शायद खेल के लिए फुर्ती है, लेकिन ताकत नहीं है। आपको कबड्डी के लिए चुस्त और मजबूत होने की जरूरत है। लॉकी फर्ग्यूसन अच्छा खेल सकते हैं। उनके पास मजबूत कोर और बड़े पैर हैं। खेल के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, विकेटकीपर-बल्लेबाज लाथम ने कहा, यह एक सुंदर शारीरिक खेल जैसा दिखता है।

# एचएस प्रणय, चिराग शेट्टी और सात्विक की जोड़ी दूसरे दौर में



**एजेंसी। शेन्जेन (चीन)**

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत दर्ज करके चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। एचएस प्रणय ने चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को 50 मिनट में 21-18, 22-20 से हराया। ताइपे शटलर ने पिछले हफ्ते कुमामोटो मास्टर्स जापान के दूसरे दौर में प्रणय को हराया था। भारतीय खिलाड़ी की शुरूआत धीमी रही और वह शुरूआती गेम में 6-9 से पिछड़ गए लेकिन ब्रेक तक वो 11-10 की बढ़त के साथ आगे बढ़े। फिर, उन्होंने 17-13 पर चार अंकों की बढ़त बना ली और 21-18 से विपक्षी की चुनौती को समाप्त कर दिया। दूसरा गेम कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ी पूरी जान झोंक रहे थे। पूरे गेम के दौरान कोई भी खिलाड़ी दो अंक से अधिक की बढ़त हासिल करने में सफल नहीं हो सका। गेम के मध्य ब्रेक के तुरंत बाद चेन प्रणय से थोड़ा आगे निकल गए और 18-16 की मामूली बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, प्रणय ने इसे 18-ऑल कर दिया और अपने दूसरे मैच प्वाइंट अवसर पर मुकाबले को सील कर दिया। पुरुष युगल में दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने इंग्लिश जोड़ी बेन लेन और सीन वेंडी पर केवल 37 मिनट में 21-13, 21-10 से आसान जीत दर्ज की। महिला एकल में आकर्षि कश्यप दुनिया की 17वें नंबर की स्थानीय शटलर झांग यी मैन से 33 मिनट में 12-21, 14-21 से हार गईं। आकर्षि बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 2023 सीजन में नियमित रही हैं, लेकिन अभी तक दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। अन्य भारतीय लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत बुधवार को पुरुष एकल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

चाइना मास्टर्स के नतीजे पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की क्वालीफाइंग रैंकिंग में गिने जाएंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस साल 1 मई को शुरू हुआ और अप्रैल 2024 में समाप्त होगा।

# होंडा रेसिंग इंडिया के रक्षित दवे एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**एजेंसी। गुरुग्राम**

चेन्नई के 15 वर्षीय राइडर रक्षित श्रीहरि दवे ने वैश्विक रेसिंग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है और प्रतिष्ठित एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चयन कार्यक्रम मलेशिया के प्रतिष्ठित सेपांग सर्किट में शुरू हुआ, जहां 89 सवारों का एक समूह इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में अपना स्थान अर्जित करने के लिए यात्रा पर निकला। उनमें से, केवल 41 सवारों ने उल्लेखनीय कौशल, दृढ़ संकल्प और वादे का प्रदर्शन किया जो उन्हें प्रतियोगिता के अंतिम चरण तक ले गया।




मोटरसाइकिल रेसिंग की दुनिया के प्रति अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा और प्रतिबद्धता के प्रमाण में, रक्षित डेव ने विभिन्न एशिया-ओसनिया देशों के 10 अन्य सवारों के साथ एशिया टैलेंट कप 2024 में अपना स्थान अर्जित किया। आईएटीसी के 2024 सीजन में दस देशः ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और वियतनाम से 20 पूर्णकालिक राइडर्स दौड़ के लिए तैयार हैं।

## आईसीसी का चौकाने वाला फैसला

# अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 का मेजबान बना श्रीलंका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंटरनेशनल क्रिकेट बोर्ड ने जनवरी में आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 के 15वें संस्करण के लिए एक नए मेजबान देश की घोषणा कर दी है। जनवरी में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में 41 मैच होंगे और फाइनल फरवरी में होगा। पहले यह विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में करवाया जाना था लेकिन अब आईसीसी ने इसे श्रीलंका में कराने का फैसला लिया है। आईसीसी का यह फैसला चौकाने वाला है क्योंकि वह पहले ही श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को सरकारी हस्तक्षेप के बिना प्रबंधित करने में विफल रहने के लिए भंग कर चुका है। बोर्ड की बैठक के बाद यह पता चला कि श्रीलंका द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी दोनों प्रतियोगिताओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा जारी रख सकता है, हालांकि एसएलसी को मिलने वाली फंडिंग को आईसीसी द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और परिणामस्वरूप, अंडर-19 प्रतियोगिता को उसी देश में स्थानांतरित कर दिया गया है जिसने इस साल की शुरूआत में महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप की मेजबानी की थी। भारत 5 बार यह खिताब जीता है।

### 4 ग्रुपों में बांटी हैं टीमें

- **ग्रुप ए :** भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका
- **ग्रुप बी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड
- **ग्रुप सी :** ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और नामीबिया
- **ग्रुप डी :** अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और नेपाल

# वेंकटेश अय्यर की हुई सगाई

## इंस्टाग्राम पर दिखाई खूबसूरत मंगेतर की फोटोज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने श्रुति रघुनाथन के साथ सगाई कर ली है। अय्यर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर श्रुति के साथ अपनी सगाई की तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने पर क्रिकेट जगत और प्रशंसकों ने 28 वर्षीय क्रिकेटर को सोशल मीडिया पर बधाई दी। वेंकटेश अय्यर की सगाई की तस्वीरों की बात करें तो इस जोड़े ने एक-दूसरे की आंखों में देखा। वेंकटेश को हल्के हरे रंग का कुर्ता पहने देखा गया, जबकि श्रुति ने शुभ अवसर पर प्रिंटेड साड़ी चुनी।

### कौन हैं अय्यर की मंगेतर श्रुति रघुनाथन?

अपनी सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए वेंकटेश ने अपनी तस्वीरों में श्रुति रघुनाथन को टैग किया। हालांकि, श्रुति रघुनाथन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को प्राइवेट रखा है। परिणामस्वरूप, श्रुति रघुनाथन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। हालांकि, रिपोट्र्स की मानें तो श्रुति रघुनाथन पेशे से एक फैशन डिजाइनर हैं। बताया जा रहा है कि श्रुति ने पीएसजी कॉलेज ऑफ आट्र्स एंड साइंस से बी.कॉम पूरा किया है और निफ्ट, भारत से फैशन मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री हासिल की है। श्रुति वर्तमान में बेंगलुरु, कर्नाटक में लाइफस्टाइल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड में मर्चेंडाइज प्लानर के रूप में काम कर रही हैं। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, श्रुति को गायन में भी रुचि है।

## विश्व कप 2023 — क्रिकेट के दर्शकों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# फाइनल में पहुंचे 12.5 लाख दर्शक

**एजेंसी। अहमदाबाद**

भारत में हाल में संपन्न हुए वनडे विश्व कप के मैचों को 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा जो हर 4 साल में होने वाली इस प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराकर छह सप्ताह तक चलने वाली यह प्रतियोगिता जीती जो उसका छठा खिताब है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को बताया कि इस टूर्नामेंट को कुल 1,250,307 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा। टूर्नामेंट में जब छह मैच बचे



थे तभी दर्शकों का आंकड़ा 10 लाख की जादुई संख्या को पार कर चुका था। विश्व कप में दर्शकों का यह आंकड़ा नया रिकॉर्ड है। उसने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2015 में खेले गए विश्व कप के आंकड़े को पीछे छोड़ा, जिसमें कुल 10,16,420 दर्शक आए थे।

इंग्लैंड और वेल्स में 2019 में खेले गए विश्व कप को 7,52,000 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा था। भारत में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीम ने हिस्सा लिया था जिन्होंने राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे से मैच खेले। सेमीफाइनल और फाइनल सहित टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले गए और इस तरह से प्रति मैच दर्शकों की संख्या लगभग 26,000 रही।

# ब्राजील अंडर17 फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

**जकार्ता।** एस्टेवाओ विलियन के दो और लुइघी हनरी के एक गोल की बदौलत ब्राजील ने यहां इक्वाडोर को 3-1 से हराकर अंडर-17 फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य जावा प्रांत के मनाहन स्टेडियम में ब्राजील के खिलाड़ियों ने इक्वाडोर के 15 की तुलना में 21 शॉट लगाए। पहले हाफ के दौरान इक्वाडोर के लिए माइकल बरमूडेज ने एक गोल किया। ब्राजील के उत्साहित कप्तान विटोर रीस ने अंतिम सीटी बजने पर कहा, हम जानते थे कि यह आसान नहीं होगा। डिफेंडर ने कहा, हमने उनके खिलाफ चार मैच खेले हैं और चार सीधे ड्रॉ रहे हैं। वे सभी बहुत कठिन खेल रहे हैं। हमने आज मौकों का फायदा उठाया और मुस्कुराते हुए चले आये।